दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 02 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 129 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## आज बजेगा मोबाइल पर अलर्ट घबराएं नहीं, देशभर में हो रहा है बड़ा सुरक्षा ट्रायल




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अगर आज आपके मोबाइल पर अचानक तेज बीप के साथ कोई इमरजेंसी मैसेज आता है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। यह किसी खतरे का संकेत नहीं, बल्कि देशभर में चल रहे एक बड़े सुरक्षा अभ्यास का हिस्सा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आज 2 मई 2026 को पूरे भारत में सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। यह परीक्षण सुबह 11:15 बजे से 12:15 बजे के बीच किया जाएगा, जिसके तहत मोबाइल फोन पर एक विशेष टेस्ट अलर्ट भेजा जाएगा। इस अलर्ट का उद्देश्य आपदा या आपात स्थिति में लोगों तक तुरंत और एक साथ सूचना पहुंचाने वाली व्यवस्था को मजबूत बनाना है। एनडीएमए के अनुसार यह पूरी तरह पूर्व-नियोजित अभ्यास है, इसलिए किसी भी तरह की कार्रवाई करने या डरने की जरूरत नहीं है। प्रशासनिक इकाइयों को पहले ही अलर्ट कर दिया गया है, ताकि किसी भी क्षेत्र में अफवाह या भ्रम की स्थिति पैदा न हो। इस अभ्यास से यह परखा जाएगा कि आपदा के समय सूचना कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंच सकती है। **समझ लीजिए:** आज अगर मोबाइल अचानक अलार्म की तरह बजे–तो यह खतरे की नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा की तैयारी की आवाज है।




## असली गिरगिट तो मुख्यमंत्री हैं, सही कहा जाए तो... अखिलेश का योगी पर पलटवार



### मायावती ने या तो बिल पढ़ा नहीं या गलत सूचना दी गई


भाजपा ने उधोगपतियों से मिलकर श्रम कानूनों को कमजोर किया गया। अखिलेश ने बसपा चीफ को लेकर कहा कि मायावती ने या तो बिल पढ़ा नहीं या गलत सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि आरावली को ही भाजपा बेचना चाहती थी। भाजपा योजना लाने से पहले टेंडर के बारे में सोच लेते है। दीदी ने दिलों को जीता है। भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का मास्टर प्लान बार बार इसलिए बदला जा रहा है कि अपनों को लाभ पहुंचाया जा सके।

**नई दिल्ली।** यूपी की सियासत में समाजवादी पार्टी सपा और भारतीय जनता पार्टी बीजेपी में वार-पलटवार तेज हो गया है। गुरुवार को विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सपा पर खूब बरसे थे। हमले के बाद अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी पलटवार किया। अखिलेश ने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने का काम तो मुख्यमंत्री ने ही किया है। असली गिरगिट तो मुख्यमंत्री हैं। सही कहा जाए तो वो गिरगिटी हैं। भाजपा हार गई इसीलिए विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आए। सच्चाई तो ये है कि महिला आरक्षण पास हो गया है। परिसीमन को लेकर सभी दल एक हो गए। लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि नारी वंदन को नारा बनाना चाहते है। महिला मुद्दा बन जाए इसीलिए सड़क से सदन तक इसे उठा रहे है। पूरी भाजपा ये साबित करना चाहती है कि विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ है। भाजपा के पास जब को मुद्दा नहीं बचा।

## कमिश्नरेट में आग से लगातार बढ़ता खतरा, स्टाफ की भारी कमी से हर दिन लाखों का नुकसान

# आबादी और हाईराइज इमारतें बढ़ीं, लेकिन अग्निशमन विभाग नहीं हुआ मजबूत

### हर बड़े अग्निकांड में दूसरे जिलों पर निर्भरता



### हर बड़े हादसे में पड़ रही बाहरी मदद की जरूरत

करंट क्राइम : जब भी गाजियाबाद में बड़ी आग लगती है, तो दमकल विभाग को हापुड़ और मेरठ जैसे जिलों से मदद लेनी पड़ती है। इससे आग बुझाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। तो हिंडन एयर फोर्स भी पहुंचती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि गोल्डन टाइम में अगर पर्याप्त संसाधन मिल जाएं, तो बड़े नुकसान को रोका जा सकता है, लेकिन स्टाफ की कमी इस समय को कमजोर कर रही है।

### हर साल भेजे जाते हैं प्रस्ताव, फिर भी नहीं मिल रहा स्टाफ

करंट क्राइम : अधिकारियों के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में कई बार मुख्यालय को स्टाफ बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन अपेक्षित नियुक्तियां नहीं हो सकीं। इस बीच रिटायरमेंट के कारण स्थिति और बिगड़ती गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार हाल के अग्निकांडों में चुनौतीपूर्ण स्थिति सामने आई है। स्टाफ और संसाधनों की कमी के बावजूद टीम पूरी क्षमता से काम कर रही है, लेकिन बड़े हादसों में दबाव बढ़ जाता है।

### स्टाफ की कमी बना सबसे बड़ा संकट

करंट क्राइम : विभागीय सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद में अग्निशमन विभाग के कई अहम पद खाली पड़े हैं। इसका सीधा असर आपातकालीन प्रतिक्रिया पर पड़ रहा है।

### गाजियाबाद अग्निशमन विभाग की स्थिति

- अग्निशमन अधिकारी (स्वीकृत) : 4 – तैनात : 3
- अग्निशमन द्वितीय अधिकारी (स्वीकृत) : 8 – तैनात : 4
- लीडिंग फायरमैन (स्वीकृत) : 18 – तैनात : 11 – रिक्त : 7
- फायर सर्विस चालक (स्वीकृत) : 22 – तैनात : 22
- फायरमैन (स्वीकृत) : 112 – तैनात : 90 – रिक्त : 22

कुल मिलाकर दर्जनों पद खाली हैं, जिससे हर बड़े ऑपरेशन में दबाव बढ़ जाता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तेजी से फैलता शहर है, लेकिन इसके मुकाबले अग्निशमन विभाग की तैयारी कमजोर पड़ती नजर आ रही है। स्टाफ की भारी कमी और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के चलते हर दिन लाखों रुपये की संपत्ति आग की भेंट चढ़ रही है। हालात ऐसे हैं कि बड़े हादसों में स्थानीय दमकल व्यवस्था अकेले पर्याप्त नहीं पड़ती। गाजियाबाद में पिछले कुछ वर्षों में आबादी और हाईराइज इमारतों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इंदिरापुरम, वैशाली, राज नगर एक्सटेंशन, वेव सिटी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, आदित्य वर्ल्ड सिटी, साहिबाबाद और राजनगर एक्सटेंशन जैसे क्षेत्रों में ऊंची-ऊंची सोसायटियां खड़ी हो चुकी हैं। लेकिन इन इलाकों की सुरक्षा के लिहाज से अग्निशमन विभाग का ढांचा उसी गति से विकसित नहीं हो पाया। हाल ही में इंदिरापुरम की गौर एवीन्यू सोसाइटी में लगी भीषण आग ने इस कमी को उजागर कर दिया, जहां कई फ्लैट जलकर राख हो गए और पूरी बिल्डिंग की संरचना तक कमजोर हो गई।

दरअसल तेजी से बढ़ती आबादी के अनुपात में संसाधन नहीं बढ़े हैं। तो हाईराइज बिल्डिंग्स के लिए विशेष फायर सेफ्टी प्लान की कमी भी नजर आती है। वहीं भर्ती प्रक्रिया में देरी और रिटायरमेंट का दबाव आधुनिक उपकरणों और ट्रेनिंग की सीमित उपलब्धता भी एक वजह है। इसीका नतीजा है कि छोटी आग भी बड़े हादसे में बदलने का खतरा बढ़ गया है। कुल मिलाकर गाजियाबाद में आग से सुरक्षा अब एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। अगर जल्द ही स्टाफ और संसाधनों की कमी दूर नहीं की गई, तो आने वाले समय में बड़े अग्निकांड और भारी नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता। शहर के तेजी से विस्तार के साथ अग्निशमन विभाग को मजबूत करना अब प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# कैलाभट्टा में सड़क विवाद ने लिया हिंसक रूप, पथराव में चार घायल

## इलाके में भारी पुलिस बल तैनात, दस हिरासत में लिए गए

### - डीसीपी सिटी बोले आरोपियों पर होगा सख्त एक्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के कैलाभट्टा इलाके में शुक्रवार शाम मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। सड़क से निकलने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते पथराव में बदल गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में उग्र हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पथराव शुरू कर दिया। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि विवाद सड़क से निकलने को लेकर हुआ था, जो बाद में पथराव में बदल गया। उन्होंने पुष्टि की कि चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें हंगामा, बलवा और माहौल खराब करने जैसे आरोप शामिल हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी घंटाघर उपासना पांडे भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया गया कि शाम करीब 7:30 बजे कंट्रोल रूम को दो पक्षों के बीच झगड़े और हंगामे की सूचना मिली थी। इसके बाद कोतवाली थाना और पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजा गया। कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए थे, जिससे तनाव और बढ़ गया। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

## रोटरी गोलचक्कर पर सड़क निर्माण चार दिन रात में ट्रैफिक रहेगा प्रभावित






1 से 4 मई तक रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक चलेगा कार्य, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रोटरी गोलचक्कर के पास सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। यह कार्य 01 मई से 04 मई 2026 तक प्रतिदिन रात 08:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान इस क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहने की संभावना है, जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर आमजन से सहयोग की अपील की है। यातायात पुलिस के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान रोटरी गोलचक्कर और आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे रात के समय इस मार्ग का उपयोग करने से बचें और पहले से वैकल्पिक मार्गों का चयन करें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य के दौरान आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया जा सकता है। इसके साथ ही मौके पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो यातायात को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, अनावश्यक रूप से निर्माण स्थल की ओर न जाएं और पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग से ही यह निर्माण कार्य समय पर और सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सकेगा, जिससे भविष्य में यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो पाएगी।

## तृणमूल कांग्रेस ने कर ली ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी

### चार मई को मचा सकते हैं गदर, फैला सकते हैं हिंसा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बंगाल चुनाव से लौटकर आए हैं। उन्होंने कई दिन तक वहां डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया है। मतदान के बाद रुझान को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने सांसद अतुल गर्ग से बात की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस बार चुनावी समीकरण पूरी तरह से बदला हुआ है और पश्चिम बंगाल में कमल खिलने जा रहा है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान के इफैक्ट दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान में लगभग 80 लाख ऐसे वोट काटे गए हैं जो हकीकत में थे ही नहीं। ये ऐसे वोट हैं जो नकली वोट कहे जा सकते हैं। इस बार टीएमसी इन वोटों को नहीं डलवा पाई है। नकली वोट रोके गए हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाकचौबंद थी कि असामाजिक तत्व वोटरों पर दबाव नहीं बना पाए हैं और मतदाताओं को वोट डालने से नहीं रोक सके। ईवीएम पर यह वोट जनता का रोष बनकर आया है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि चार मई को भाजपा पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को अपनी हार का अंदाजा लग गया है और वो ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी के समर्थक चार मई को गदर मचा सकते हैं, हिंसा फैला सकते हैं। चार मई को सत्ता का बड़ा परिवर्त पश्चिम बंगाल में होने जा रहा है।

## गाजियाबाद का गौरव शिखर पर : रविन्द्र त्यागी बने बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लिए गर्व और सम्मान का एक बड़ा अवसर सामने आया है। शहर के वरिष्ठ बिल्डर रविन्द्र त्यागी को बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया है। यह उपलब्धि केवल एक पद प्राप्ति नहीं, बल्कि वर्षों के अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और मजबूत नेतृत्व क्षमता की राष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकृति मानी जा रही है। इस चयन के साथ ही गाजियाबाद की पहचान निर्माण क्षेत्र में देशभर में और अधिक सशक्त रूप में उभरकर सामने आई है। रविन्द्र त्यागी लंबे समय से निर्माण क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में संगठनात्मक मजबूती, सदस्यों के हितों की रक्षा और व्यावसायिक मानकों को बेहतर बनाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व की विशेषता यह रही है कि वे जमीनी स्तर से जुड़े रहते हुए बड़े निर्णयों में संतुलन और दूरदर्शिता बनाए रखते हैं। यही कारण है कि देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सदस्यों ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें संगठन की सर्वोच्च जिम्मेदारी सौंपी है।

लाल चन्द शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रविन्द्र त्यागी एक अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता हैं, जिनकी कार्यशैली संगठन को नई दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया नए आयाम स्थापित करेगा और देशभर में निर्माण क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। वहीं रविन्द्र त्यागी ने भी उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि रविन्द्र त्यागी का सरल स्वभाव, स्पष्ट सोच और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें इस पद के लिए सर्वश्रेष्ठ बनाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सदस्यों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। इस उपलब्धि के पीछे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का सामूहिक प्रयास भी महत्वपूर्ण रहा है। गाजियाबाद सेंटर की ओर से बी सीनैय्या, एस एन रेड्डी, डी वी एन रेड्डी, सच्चिदानंद रेड्डी, सुशांत कुमार बासु और महेश मुड्डा सहित हैदराबाद व तेलंगाना क्षेत्र के सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त दिनेश शर्मा और विजय बंसल द्वारा दिए गए सहयोग को भी सराहा गया, जिनकी सक्रिय भूमिका ने इस उपलब्धि को संभव बनाने में योगदान दिया।

## घोड़ी, बग्गी और बारात अब नहीं बनेंगी जाम की वजह

# पुलिस कमिश्नर का बैंक्विट-होटलों को सख्त निर्देश

## आयोजन से दो दिन पहले देनी होगी ट्रैफिक पुलिस को सूचना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने एक और बड़ा और सख्त कदम उठाया है। शादी समारोहों के दौरान निकलने वाली बारात, घुड़चढ़ी और अव्यवस्थित पार्किंग से लगने वाले जाम पर अब कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए बैंक्विट हॉल और होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि बिना पर्याप्त पार्किंग और पूर्व सूचना के कोई आयोजन नहीं होगा। शुक्रवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एडीसीपी राजेश पांडे, एसीपी और सभी ट्रैफिक निरीक्षक मौजूद रहे। इस बैठक में शहर के करीब 90 बैंक्विट हॉल और होटल संचालकों को बुलाकर ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने साफ कहा कि शादी या किसी बड़े आयोजन से कम से कम दो दिन पहले ट्रैफिक पुलिस को सूचना देना अनिवार्य होगा, ताकि समय रहते ट्रैफिक डायवर्जन और पुलिस बल की तैनाती की जा सके।

खास तौर पर घुड़चढ़ी और बारात के दौरान सड़कों पर बाधा न हो, यह सुनिश्चित करना आयोजकों और होटल संचालकों की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही सभी बैंक्विट हॉल और होटलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और उनकी गुणवत्ता बनाए रखना अनिवार्य कर दिया गया है। कैमरे लगातार चालू रहें, इसकी भी जिम्मेदारी संचालकों की होगी, जिससे ट्रैफिक और सुरक्षा दोनों पर नजर रखी जा सके।

### पार्किंग को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने दो टूक शब्दों में कहा कि हर आयोजन स्थल को अपने यहां पर्याप्त पार्किंग स्पेस सुनिश्चित करना होगा। सड़क पर वाहनों की पार्किंग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी बैंक्विट हॉल या समारोह स्थल के बाहर ऑन-रोड पार्किंग पाई जाती है, तो संबंधित वाहनों को तत्काल हटाया जाएगा, चालान किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर सीज भी किया जाएगा। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई करते हुए कंट्रोल रूम को भी सूचित किया जाए, ताकि स्थिति पर नजर रखी जा सके।

### मकसद जाम मुक्त और व्यवस्थित गाजियाबाद

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का स्पष्ट उद्देश्य है कि गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहे और आम नागरिकों को जाम जैसी समस्याओं से राहत मिले। लगातार बढ़ते आयोजनों और वाहनों के दबाव को देखते हुए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यदि होटल और बैंक्विट संचालक इन नियमों का पालन करते हैं, तो शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक नियंत्रित की जा सकती है और लोगों को बेहतर यातायात अनुभव मिलेगा।



# आउटसोर्स कर्मियों को बड़ा हक, योगी सरकार का ऐतिहासिक फैसला

## साप्ताहिक अवकाश, तय कार्य घंटे और छुट्टियां अब अनिवार्य

### 1 से 5 तारीख के बीच बैंक में वेतन, डिजिटल भुगतान लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब साप्ताहिक अवकाश, तय कार्य घंटे, समय पर वेतन और छुट्टियों की सुविधा अनिवार्य होगी। साथ ही डिजिटल भुगतान और न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित कर कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने की पहल की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों आउटसोर्स और अंशकालिक (ढं१३-३ें) कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने शुक्रवार को 'मजदूर दिवस' के अवसर पर दी।

### 'आउटसोर्स सेवा निगम' से कर्मचारियों को कानूनी सुरक्षा

असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नए लेबर कोड्स और 'आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के माध्यम से सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए छुट्टियों, काम के घंटों और वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारियों का शोषण संभव नहीं होगा और उनके अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है।

हमारी सरकार का लक्ष्य 'अंत्योदय' है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी हमारी व्यवस्था की रीढ़ हैं, और उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है। आज मजदूर दिवस पर यह सुधार उन्हीं के पसीने की कीमत और उनके अधिकारों के



प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**अनिवार्य सवेतनिक साप्ताहिक अवकाश :** नए नियमों के अनुसार, अब किसी भी आउटसोर्स या अनुबंध कर्मचारी से लगातार सातों दिन काम लेना अवैध होगा।

**साप्ताहिक अवकाश:** 6 दिन के निरंतर कार्य के पश्चात 1 दिन का सवेतनिक अवकाश देना अनिवार्य है।

कार्य समय: प्रतिदिन कार्य के घंटे 8 से 9 निर्धारित किए गए हैं। इससे अधिक कार्य लिए जाने पर नियमानुसार ओवरटाइम देय होगा।

**छुट्टियों का नया ढांचा :** कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण हेतु छुट्टियों के नियमों में व्यापक सुधार किया गया है:

**आकस्मिक अवकाश:** प्रति वर्ष 10 दिन।

**बीमारी की छुट्टी:** 6 माह की सेवा पूर्ण होने पर 15 दिन।

**प्रसूति अवकाश:** महिला कर्मियों के लिए मैटरनिटी लीव के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

**वेतन सुरक्षा और डिजिटल पारदर्शिता :** भारत सरकार के नए लेबर कोड्स के अनुरूप उत्तर प्रदेश में वेतन ढांचे को सुधारा गया है।

**मूल वेतन:** कुल सैलरी का कम से कम 50% होगा, जिससे कर्मचारियों के ढऋऔर ग्रेच्युटी फंड में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**समयबद्ध भुगतान:** पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु वेतन हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**'आउटसोर्स सेवा निगम' का प्रभाव :** 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए इस निगम के माध्यम से बिचौलियों के शोषण को जड़ से समाप्त किया जा रहा है।

**न्यूनतम मजदूरी:** अकुशल श्रमिकों के लिए 11,000+ और कुशल श्रमिकों के लिए 13,500+ से शुरू होने वाली नई दरें निर्धारित की गई हैं। समान कार्य-समान वेतन: सरकार 'समान काम-समान वेतन' के सिद्धांत को प्राथमिकता देते हुए सेवा शर्तों को लागू कर रही है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर सपा कार्यालय में एकता का संदेश

## अखिलेश का सरकार पर हमला

### महिला आरक्षण, कानून-व्यवस्था और योजनाओं को लेकर उठाए सवाल

### सपा कार्यालय में गूंजा- 'बुद्धं शरणं गच्छामि'

कार्यक्रम में सैकड़ों बौद्ध भिक्षु शामिल हुए और बुद्धं शरणं गच्छामि के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। भिक्षुओं ने बौद्ध धर्म के उपदेश पढ़े। इस दौरान एक भिक्षु ने मुलायम सिंह यादव के कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं के लिए उनके योगदान का उल्लेख किया और ओबीसी को संसद में आरक्षण देने की मांग उठाई। कुछ वक्ताओं ने फ़रर पर भी टिप्पणी की। कहा कि गौतम बुद्ध की तरह मुलायम सिंह यादव ने महिलाओं के लिए काफी काम किया। ओबीसी को संसद में आरक्षण मिलना चाहिए। फ़रर के लोग कभी महिलाओं के पक्ष में नहीं रहे।

**लखनऊ।** लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। बौद्ध भिक्षुओं ने वंदना और उपदेशों के माध्यम से शांति, समानता और करुणा का संदेश दिया। कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिससे धार्मिक और सामाजिक एकता का माहौल बना।



लखनऊ में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है और समाज को मिलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। इस दौरान लुम्बिनी, सारनाथ और कुशीनगर के विकास के संकल्प को भी दोहराया गया। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी के गिरगिट वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद असली गिरगिट हैं, जो नारी वंदन को नारा बनना चाहते हैं। वो बार-बार राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार बयान देते हैं। अब इनके सत्ता से जाने के दिन आ गए हैं। ये जनता का ध्यान अन्य समस्याओं से हटाना चाहते हैं

महिला आरक्षण को लेकर उन्होंने कहा कि यह सभी दलों की सहमति से पारित हुआ था, लेकिन भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर विपक्ष को गलत तरीके से पेश कर रही है। उनका आरोप था कि भाजपा इस मुद्दे को नारे के रूप में इस्तेमाल कर रही है, ताकि जनता का ध्यान अन्य समस्याओं से हटाया जा सके।

उन्होंने परिसीमन और संशोधन बिल को लेकर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए और कहा कि लंबे समय से डेटा एकत्र कर राजनीतिक रणनीति बनाई जा रही है। कानून-व्यवस्था पर हमला करते हुए उन्होंने ह्यबुलडोजर नीतिह्न को कठघरे में खड़ा किया और हरदोई व वाराणसी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग की।

# बंगाल के 15 मतदान केंद्रों पर फिर डाले जाएंगे वोट

## ई सी ने कहा - आज को होगा पुनर्मतदान



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर और मगरा हाट पश्चिम क्षेत्रों के 15 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है। आयोग के निदेर्शानुसार इन सभी केंद्रों पर 2 मई को दोबारा मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से होगा। इन 15 मतदान केंद्रों में डायमंड हार्बर के चार और मगराहाट पश्चिम के 11 मतदान केंद्र शामिल हैं, जहां पर फिर से शनिवार को वोटिंग होगी। आयोग ने यह फैसला मतदान के दौरान मिली शिकायतों और अनियमितताओं की रिपोर्ट के आधार पर लिया है। जिन बूथों पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी।

### विधानसभा चुनाव और बंपर वोटिंग

पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों के लिए पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जबकि दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को 142 सीटें पर वोट डाले गए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। दोनों चरणों में राज्य में जमकर वोटिंग हुई थी। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में 93.19 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी, वहीं दूसरे चरण में भी 92.67 फीसदी वोटिंग हुई थी। इसी के साथ बंगाल में वोटिंग का कुल औसत 92.93 फीसदी से ज्यादा पहुंच गया, जो कि देश में किसी राज्य में मतदान का नया रिकॉर्ड है।

### राज्य में थर्ड जेंडर ने जमकर किया मतदान

चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने रिकॉर्ड 91.28 प्रतिशत मतदान किया। पहले चरण में यह आंकड़ा 56.79 प्रतिशत था, जो दूसरे चरण में तेजी से बढ़ा।

# निर्माण कार्य के दौरान गिरा पुल

### कई मजदूरों के दबे होने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जम्मू।** दोमाना के ठठर क्षेत्र पुराने पुल के निर्माण कार्य के दौरान पुल का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे के समय वहां कई मजदूर कार्य में जुटे हुए थे। मलबे में 5 से 7 मजदूरों के दबे होने की आशंका है। जम्मू के दोमाना के ठठर क्षेत्र में शुक्रवार को पुराने पुल के निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। घटना के समय वहां कई मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से 5 से 7 मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए और तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है। जबकि एसएसपी जम्मू जोगिंदर सिंह,



तहसीलदार जम्मू नॉर्थ अमन आनंद, एडीसी शेर सिंह राणा, एमएलए जम्मू नॉर्थ शाम लाल शर्मा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी राहत कार्य में जुट गई हैं।

जेसीबी और अन्य भारी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक एक शव बरामद किया गया है और दो मजदूर सुरक्षित बचा लिए गए हैं और चार के फंसे होने की आशंका है। एंबुलेंस भी मौके पर तैनात हैं और राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बांटी सुरक्षा व शिक्षा किट, 35 हजार श्रमिकों को मिलेगा यह लाभ

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित किया। 1,000 निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट और 100 बच्चों को शिक्षा किट दी गई। 35,000 श्रमिकों के लिए विशेष पहल भी शुरू हुई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को बधाई दी और दिल्ली के कर्मयोगियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 1,000 निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट तथा 100 श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा किट प्रदान की। 35,000 श्रमिकों को प्रशिक्षित करने की कौशल विकास पहल भी शुरू हुई। सरकार ने निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क माफ किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'राष्ट्र निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाने वाले सभी





श्रमिक भाइयों-बहनों को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। शुक्रवार को श्रमिक सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर कर्मयोगी साथियों को नमन करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में 1000 निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट और श्रमिक परिवारों के 100 बच्चों को शिक्षा किट प्रदान की गई, साथ ही हर वर्ष 35,000 श्रमिकों को प्रशिक्षित करने वाले बड़े स्तर के कौशल विकास अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री ने श्रमयोगियों के सम्मान को शासन की सोच और नीति के केंद्र में स्थापित किया है। उनके मार्गदर्शन में ह्यविकसित भारत का संकल्प श्रमिक सशक्तिकरण से ही आगे बढ़ता है, जहां हर श्रमिक सुरक्षित, सम्मानित और अवसरों से जुड़ा हो।'

निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क किया माफ सीएम ने कहा, हमारी सरकार द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क को पूर्णतः माफ किया जा रहा है। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से श्रमिक परिवारों को सम्मानपूर्ण सहयोग मिलेगा। साथ ही, आधुनिक लेबर चौक और श्रमिक सेवा केंद्रह्न स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से आवश्यक सेवाएं सीधे श्रमिकों तक पहुंचेंगी।

# 'हमारे फैसले सोनिया गांधी लेती हैं', कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद पर बदलाव को लेकर खरगे का बड़ा बयान

**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद में संभावित बदलाव पर कोई भी निर्णय पार्टी का आलाकमान सामूहिक रूप से लेगा। इस आलाकमान में स्वयं खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं।

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने साफ कहा है कि फिलहाल सिद्धारमैया ही सीएम रहेंगे। हालांकि, अपने बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि हमारे फैसले सोनिया गांधी लेती हैं। उनके बयान को लेकर भाजपा ने उन्हें कटघरें में लाकर खड़ा कर दिया है। यहां तक कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष होने तक पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**'वरिष्ठ नेतृत्व से परामर्श के बाद ही लिए जाते हैं निर्णय' :** खरगे ने कहा कि मुख्यमंत्री पद में बदलाव की बात हर दिन होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति अध्यक्ष के रूप में वह, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी



और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मिलकर यह निर्णय लेंगे। कांग्रेस आलाकमान प्रमुख संगठनात्मक और राजनीतिक मामलों पर निर्णय से पहले वरिष्ठ नेतृत्व से परामर्श करता है। खरगे ने कहा कि वे सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर जोर देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी या राहुल गांधी की भागीदारी के बिना कोई निर्णय नहीं होता।

आलाकमान के भीतर व्यापक चर्चा होती है और वरिष्ठ नेताओं से परामर्श किया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई तारीख तय नहीं हुई है, इसलिए किसी भी बदलाव पर अटकलें लगाना जल्दबाजी होगी। खरगे ने आगे कहा कि एक बार निर्णय

### कर्नाटक कांग्रेस में आंतरिक मतभेद

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नेतृत्व-साझाकरण व्यवस्था को लेकर आंतरिक मतभेदों का सामना कर रही है। यह विशेष रूप से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच है। पार्टी के कुछ वर्गों ने कथित 2023 के सत्ता-साझाकरण समझौते का हवाला देते हुए शिवकुमार को शेष कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। इस नेतृत्व की खींचतान के कारण राज्य सरकार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कई दौर की चर्चाएं हुई हैं।

### नवंबर में कर्नाटक सरकार ने पार किया आधा पड़ाव

यह मुद्दा पिछले साल नवंबर में सरकार के पांच साल के कार्यकाल का आधा पड़ाव पार करने के बाद गति पकड़ गया। सिद्धारमैया और शिवकुमार के साथ-साथ गृह मंत्री जी परमेश्वर को भी कर्नाटक कांग्रेस इकाई के भीतर आंतरिक नेतृत्व की गतिशीलता में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में देखा जाता है।

# कार्यालय में अचानक गिर पड़े कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बेहोशी की हालत में मेदांता में भर्ती कराया गया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की शुक्रवार को अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। संभावना जताई जा रही कि अजय राय को हार्ट अटैक आया है। जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया गया है। डॉक्टरों का कहना है की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही किसी बीमारी की पुष्टि की जा सकती है। शुक्रवार को अजय राय लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर मौजूद थे। इसी दौरान सीने में तेज दर्द और बेचैनी महसूस हुई, जिसके बाद वह बेहोश हो गए। इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों ने उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा और श्रमिक दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इस कार्यक्रम में शिक्षक व चिकित्सकों का सम्मेलन किया जा रहा था। कार्यक्रम में दिल्ली से सुप्रिया श्रीनेत, अविनाश पांडेय सहित कई नेता हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय को अजय राय एयरपोर्ट छोड़ने के लिए गए। वहां से वापस वह दोबारा माल एवेन्यू



स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां पर दूसरा कार्यक्रम चल रहा था। इस कार्यक्रम के दौरान ही उनके सीने में तेज दर्द और बेचैनी होने लगी। इसके बाद बेहोश हो गए। कांग्रेस पार्टी के नेता शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि अजय राय की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। पार्टी की ओर से तमाम कार्यकर्ता उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर राकेश कपूर ने बताया, अजय राय की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां पर आईसीयू हेड की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। अजय राय का सैंपल लेकर ट्रॉप टी और टॉप आई की जांच के लिए सैंपल भेजा गया है।

# सिलिंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

### कहा- फिर चला महंगाई का चाबुक, राहुल बोले- अगला वार पेट्रोल-डीजल पर

**नई दिल्ली।** कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में इजाफे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार हर माह कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में इजाफा कर रही है और इसे सरकार की वसूली करार दिया। व्यवसायिक सिलिंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यवसायिक सिलिंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। आज कमर्शियल सिलिंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।'

कांग्रेस ने कहा, 'कमर्शियल सिलिंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है...। मोदी सरकार सिर्फ वसूली करना जानती है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलिंडर भी महंगा कर दिया। पहले







### राहुल गांधी बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कमर्शियल गैस सिलिंडर 993 रुपये महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपये की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई-हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।'

### घरेलू गैस की कीमतों में नहीं हुआ कोई बदलाव

कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई से बड़ा इजाफा हुआ है। अब दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत 993 रुपये बढ़कर 3071.50 रुपये हो गई है। हालांकि घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई इजाफा नहीं हुआ है और घरेलू गैस का 14.2 किलो का सिलिंडर दिल्ली में 913 रुपये का ही मिल रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां आमतौर पर हर महीने की शुरूआत में एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करती हैं। पश्चिम एशिया संकट के चलते मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ रहा है।

# बड़ा हादसा: 60 यात्रियों से भरी बस पलटी

## बुद्ध पूर्णिमा पर जा रहे थे गंगा नहाने, 25 अस्पताल में भर्ती



**शाहजहांपुर।** हरदोई जनपद के हरपालपुर से सुबह प्राइवेट बस में करीब 60 यात्री सवार हुए। चालक बस को तेजी भगा रहा था। कुछ यात्रियों ने उससे सही से बस चलाने के लिए भी कहा। पर उसने एक नहीं सुनी। इस बीच गांव रघुनाथपुर के पास आगे चल रहे वाहन को ओवर टेक करने के प्रयास में बस पलट गई।

यूपी के हरपालपुर से 60 यात्रियों को बैठाकर फरुर्खाबाद आ रही प्राइवेट बस शाहजहांपुर के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में गांव रघुनाथपुर के पास शुक्रवार को ओवरटेक करने के दौरान पलट गई। इससे 25 यात्री घायल हो गए। इनमें 11 को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य वहीं उपचार हुआ। बस में सवार अधिकांश यात्री बुद्ध पूर्णिमा के चलते पांचाल घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे। लोहिया अस्पताल में आए घायल हरदोई थाना पाली के गांव पांडेयपुरवा निवासी



राधिका(45), नन्हीं देवी (60), सवायजपुर गांव सलउद्दीपुर के विश्व प्रताप सिंह (31), मिलरगवां की उमाकांती (55), माहरेपुर की गुड्डी (55), रामदेवी (65), अनुष्का (8) पुत्री प्रदीप पाल, नंदबाग के रामलड़ैते (47), जदुवीर सिंह (60), गोकुल बेहटा के गांव रामपुर मानपुर के रंजीत सिंह, अमरेखा के राजू (30) को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के कुंडल व छह हजार रुपये सिपाही ने नहीं दिए लोहिया अस्पताल में भर्ती हरदोई जिले के थाना सवायजपुर क्षेत्र के गांव मिरगवां निवासी घायल उमाकांती के पुत्र राहुल ने बताया कि बस पलटने पर उनकी मां के कुंडल व छह हजार रुपये वहीं गिर गए थे। बस से निकालने के दौरान एक सिपाही ने कुंडल व रुपये उठा लिए थे। मांगने उसने कहा कि पहले अस्पताल जाकर इलाज कराओ बाद में थाने आकर ले जाना। पर जब राहुल रुपये व कुंडल मांगने गया तो सिपाही ने रुपये व कुंडल लेने से ही इनकार कर दिया।

### यात्रियों ने चालाक से कहा था- सही से चलाओ बस, पर उनसे एक न सुनी

हरदोई जनपद के हरपालपुर से सुबह प्राइवेट बस में करीब 60 यात्री सवार हुए। चालक बस को तेजी भगा रहा था। कुछ यात्रियों ने उससे सही से बस चलाने के लिए भी कहा। पर उसने एक नहीं सुनी। इस बीच गांव रघुनाथपुर के पास आगे चल रहे वाहन को ओवर टेक करने के प्रयास में बस पलट गई। इससे चीख पुकार मच गई। पुलिस व आसपास के ग्रामीणों ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें 25 यात्री घायल हो गए। एंबुलेंस से 11 घायल यात्रियों को लोहिया अस्पताल भेजा गया है। इनमें से नौ को भर्ती कर लिया गया। दो यात्रियों को मरहम पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी होने पर एसीएमओ डॉ. रंजन गौतम, एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय ने सीओ अभय वर्मा लोहिया अस्पताल में पहुंच कर मरीजों का हाल जाना है।

# पंजाब विधानसभा में हंगामा, सीएम पर लगे गंभीर आरोप

### मजदूर दिवस सत्र में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का ऐलान भी हुआ

**चंडीगढ़।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर पंजाब विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शराब पीकर सदन में आने का आरोप लगाया। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट कर दिया।

मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार ने मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी का एलान किया। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हैं। मान ने कहा कि यह मजदूर दिवस पर उनके लिए तोहफा है। 2013 से दो सरकारें चली गई है, लेकिन मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं हुई थी। इसके साथ ही आप सरकार ने पंजाब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया।



### स्पीकर ने किया इनकार

स्पीकर ने कहा कि किसी भी सदस्य के खिलाफ ऐसी कोई बात स्वीकार नहीं की जाए। जो सदस्य ऐसा करेगा, उसे नेम करना पड़ेगा। कांग्रेस विधायकों ने इस बीच नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया।

### कांग्रेस मजदूरों की विरोधी

विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि कांग्रेस का मजदूरों के साथ पहले से ही विरोध रहा है। यह कोई न कोई बहाना बनाकर वॉकआउट कर जाते हैं। मान ने कहा कि मजदूर के बारे बड़ा कुछ लिखा गया है। काफी बार सदन में भी चर्चा हुई है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है। अगर मजदूरों के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन दी जाए तो बदलाव आ सकता है।

**विपक्ष की मांग, हो अल्कोहल टेस्ट :** वहीं इस विशेष सत्र के दौरान एक बड़ा विवाद भी खड़ा हो गया, जब विपक्षी दलों कांग्रेस और अकाली दल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शराब पीकर सदन में आने का आरोप लगाया। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट कर दिया।

विधानसभा के बाहर विपक्ष ने शराबी मुख्यमंत्री मुदार्बाद के नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कहा कि एक स्टेड हेड पर इस तरह के आरोप बेहद गंभीर हैं। एल्कोमीटर मंगवाकर सभी सदस्यों का टेस्ट करवाया जाना चाहिए।

**पंजाब भाजपा अलग से सत्र चला रही :** भाजपा शुक्रवार को पंजाब विधानसभा के सामांतर अपना अलग सत्र जनता दी विधानसभा चला रही है। सत्र चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-37 में आयोजित किया जा रहा है। इसमें पंजाब के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो रही है। सत्र में प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ मौजूद हैं।

भाजपा का दावा-कैबिनेट बैठक में दो मंत्रियों का हुआ अपमान पंजाब भाजपा के प्रमुख सुनील जाखड़ ने दावा किया कि शुक्रवार को पंजाब सरकार की कैबिनेट बैठक में दो मंत्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। सुनील जाखड़ ने कहा कि मुख्य सचिव को भी नहीं बख्शा गया। जाखड़ ने कहा कि अगर सरकार मदहोश अवस्था में विधानसभा में आती है, तो यह विधानसभा का अपमान है। डोप टेस्ट दूर की बात है, लेकिन मेरा मानना है कि सत्तापक्ष के नेताओं का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट करवाया जाना चाहिए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 02 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





## 100 साल पुराने पीपल वृक्ष को खाकी देगी नई जिंदगी

गौरव शशि नारायण

# घंटाघर कोतवाली में दिखेगा इतिहास और आधुनिकता का संगम

## आधुनिकीकरण के बीच नहीं मिटेगी विरासत, पूजा स्थल बनाकर संरक्षित किया जाएगा ऐतिहासिक वृक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तेजी से बदलते शहरी ढांचे के बीच अक्सर पुरानी पहचानें खो जाती हैं, लेकिन गाजियाबाद की घंटाघर नगर कोतवाली एक अलग कहानी लिख रही है। यहां चल रहे आधुनिकीकरण कार्य के दौरान 100 साल से अधिक पुराने पीपल के विशाल वृक्ष को हटाने के बजाय उसे सहेजने और संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव को भी नई पहचान देने का काम करेगी। गाजियाबाद की ऐतिहासिक घंटाघर नगर कोतवाली, जो कभी ब्रिटिश शासन काल में प्रशासनिक गतिविधियों का अहम केंद्र रही, आज फिर एक नए रूप में उभरने जा रही है। परिसर में तेजी से निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन, बेहतर सुरक्षा तंत्र और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में किए जा रहे बदलाव इस कोतवाली को भविष्य के अनुरूप ढाल रहे हैं।







### सौ साल वृक्ष को बचाना है लक्ष्य

**करंट क्राइम :** इस पूरे बदलाव के बीच एक चीज अडिग है, वो है कोतवाली परिसर में खड़ा सदियों पुराना पीपल का वृक्ष। यह वृक्ष सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि बीते दौर की कई कहानियों और ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी भी है। इसकी विशाल जड़ें और दूर तक फैली शाखाएं समय के साथ इसके मजबूत अस्तित्व की गवाही देती हैं। पुलिस ने इस वृक्ष को काटने के बजाय इसे संरक्षित करने का फैसला लिया है। इसके तहत वृक्ष के चारों ओर एक सुंदर पूजा स्थल विकसित किया जाएगा, जहां नियमित पूजा-अर्चना के साथ इसे आस्था के केंद्र के रूप में भी स्थापित किया जाएगा। वृक्ष की जड़ों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष मिट्टी, जल निकासी और सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि यह आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।

### मुगलकाल से लेकर ब्रिटिश काल का है इतिहास

करंट क्राइम : घंटाघर कोतवाली का इतिहास अपने आप में बेहद समृद्ध और गौरवशाली रहा है। यह स्थान ब्रिटिश काल में मेरठ मंडल के अधीन एक प्रमुख प्रशासनिक केंद्र था। वर्ष 2019 में जब परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया गया, तब यहां एक प्राचीन कुआं मिला, जिसने इस स्थान के इतिहास को और रहस्यमयी बना दिया। इस कुएं में लाहौरी ईंटों से बनी संरचना, लकड़ी के तख्तों और कुंडी के निशान मिले, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह स्थान कभी फांसीघर के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। इतिहासकारों के अनुसार, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यहां क्रांतिकारियों को सजा दी जाती थी।गाजियाबाद और इसके आसपास का क्षेत्र 1857 की क्रांति का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। पास के धौलाना क्षेत्र में क्रांतिकारियों को पीपल के पेड़ों पर फांसी दिए जाने की घटनाएं दर्ज हैं। ऐसे में यह पीपल का वृक्ष भी उस दौर की ऐतिहासिक यादों से जुड़ा प्रतीत होता है। इतिहास के पन्नों में यह भी दर्ज है कि वर्ष 1920 में महात्मा गांधी का जुलूस घंटाघर तक पहुंचा था, जहां हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला था। इसके अलावा पास स्थित सुल्लामल रामलीला मैदान भी 100 साल से अधिक पुरानी सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है।

### रोशनी से जगमग होगी घंटाघर कोतवाली

करंट क्राइम : आज जब घंटाघर कोतवाली आधुनिकता की ओर कदम बढ़ा रही है, तब यह पहल उसे एक अलग पहचान दे रही है। यहां बनने वाला नया ढांचा जहां तकनीकी रूप से सशक्त होगा, वहीं पीपल का वृक्ष और उससे जुड़ा पूजा स्थल इस परिसर को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गहराई भी प्रदान करेगा। यह कदम केवल एक पेड़ को बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश देता है कि विकास और विरासत साथ-साथ चल सकते हैं। गाजियाबाद पुलिस का यह प्रयास अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है कि कैसे आधुनिकता को अपनाते हुए अपनी जड़ों से जुड़ा रहा जाए। जब यह कोतवाली पूरी तरह तैयार होगी, तो यह सिर्फ एक आधुनिक पुलिस स्टेशन नहीं होगी, बल्कि एक जीवंत उदाहरण होगी, जहां इतिहास सांस लेता है, आस्था बसती है और भविष्य आकार लेता है।

## हाईटेक अंदाज में निखरेगा विजयनगर थाना, 48 भवनों का होगा कायाकल्प





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तहत शहर के थानों को आधुनिक और जनसुविधा के अनुरूप विकसित करने की मुहिम लगातार तेज हो रही है। इसी क्रम में अब सिटी जोन का विजयनगर थाना भी पूरी तरह हाईटेक और आकर्षक स्वरूप में नजर आने वाला है। शुक्रवार को डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने थाना विजयनगर का निरीक्षण कर निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान थाना प्रभारी धर्मपाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने एंट्री गेट से लेकर थाना परिसर के प्रत्येक हिस्से को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। खास तौर पर मिशन शक्ति केंद्र को महिला सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिकोण से अत्याधुनिक रूप देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केंद्र महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और भरोसेमंद स्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। थाना परिसर में बने करीब 48 आवासीय भवनों का भी व्यापक कायाकल्प किया जा रहा है। इन भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और संरचनात्मक सुधार के साथ-साथ उन्हें सौंदर्यीकरण योजना के तहत एकरूप और आकर्षक बनाया जाएगा। इसके अलावा पूरे परिसर में हरियाली बढ़ाने, पौधारोपण करने और खुले स्थानों को व्यवस्थित करने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। रात के समय बेहतर दृश्यता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे पूरा थाना परिसर रोशनी से जगमगाता नजर आएगा। साथ ही, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था और आगंतुकों के बैठने की सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जाएगा।

### - एंट्री गेट से मिशन शक्ति केंद्र तक दिखेगा आधुनिक स्वरूप
### - पूरे परिसर में सौंदर्यीकरण और सुरक्षा पर जोर

### पुलिस कमिश्नरेट में तेजी से बदल रही थानों की तस्वीर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों का कायाकल्प किया जा चुका है। मसूरी, शालीमार गार्डन, लोनी, साहिबाबाद, लिंक रोड, कौशांबी, इंदिरापुरम और कविनगर जैसे थानों में पहले ही सुधार कार्य पूरे हो चुके हैं, जहां आधुनिक सुविधाएं और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देखने को मिल रहा है। विजयनगर थाना भी इसी श्रृंखला की एक अहम कड़ी है, जहां न केवल भवनों को नया रूप दिया जा रहा है, बल्कि पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में अन्य थानों को भी इसी तरह हाईटेक और सुविधाजनक बनाया जाएगा, जिससे आम जनता को बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकें।

# रामनगर के लोग क्यों कर रहे हैं नेहरु युवा केंद्र के विकास का विरोध, डीएम को लिखा पत्र, कहा खत्म कराया जाए गतिरोध




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जवाहर लाल नेहरु युवा राष्ट्रीय युवा केंद्र का मैदान अब साफ सुथरा नजर आता है। यहां लाइटें लग गई हैं और इसकी चारदिवारी भी ऊंची कराई गई है, लेकिन इन सब बातों को लेकर यहां मैदान से सटे मोहल्ले रामनगर के लोग परेशान हैं। रामनगर के लोग कभी धार्मिक भावनाओं के अनादर का मुद्दा उठाते हैं। कभी वो यहां के एक गेट को लेकर शिकायत करते हैं और अब उन्होंने जिलाधिकारी को एक पत्र देकर नेहरु युवा केंद्र के प्रबंधन तंत्र पर कार्यवाही की मांग की है। नेहरु युवा केंद्र के लोग ये आरोप लगा रहे हैं कि उनके घरों के पास 12 फुट की दीवार खड़ी कर दी गई है। उनका कहना है कि यह जगह कॉमर्शियल है और इस स्थान को पार्क के रूप में इस्तेमाल किया जाए क्योंकि 20 किमी. के दायरे में कोई पार्क नहीं है। स्थानीय लोगों ने ये भी आरोप लगाया है कि नेहरु युवा केंद्र में छोटा गेट नहीं खोला जा रहा है। यहां पर आने वाले लोगों से पार्किंग वसूली जा रही है और यहां लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। लोगों ने हस्ताक्षर कर एक पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है।

### लोग गलतफहमी में ना रहे, इस जमीन की रजिस्ट्री है हमारे नाम: राजेंद्र मित्तल मेदी वाले



**करंट क्राइम।** लोगों ने आरोप लगाया है और इस संबंध में करंट क्राइम ने जवाहर लाल नेहरु युवा राष्ट्रीय युवा केंद्र के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वालों से बात की। उन्होंने पूरे मामले को स्पष्ट किया और कहा कि यहां तीनों गेटों पर हमारा अधिकार है। हमारी संस्था के तीन तरफ सड़क है और इससे किसी का मकान टच नहीं होता। लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण किया है। लोगों को ये गलतफहमी है कि ये पार्क है जबकि ये मैदान है। इसकी रजिस्ट्री हमारे नाम है। यह क्रिकेट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये दिया गया है। यहां आज भी क्रिकेट का मैदान है और कल भी क्रिकेट का मैदान था। 70 साल पुराने इस जमीन पर भविष्य में ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटा गेट लोगों के लिये सुबह खोला जाता है और किसी को भी घूमने के लिये कोई मना नहीं किया गया। पूरे गाजियाबाद से कोई भी आ सकता है। हमने आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है बल्कि एक व्यक्ति ने मैदान के एक कोने में अपना गेट लगा लिया और चाबी भी खुद रख ली। हो सकता है उन्हे दिक्कत हो रही हो। सुबह पांच बजे मुख्य द्वार खुल जाता है और रात को दस बजे तक खुला रहता है। हमने किसी को मना नहीं किया। यहां एकेडमी चल रही है और मेंटिनेंस के लिये शुल्क की व्यवस्था है। मुख्य विकास अधिकारी इसका निरीक्षण कर चुके हैं। ये मैदान है, इसके खरीदा गया है और एक इंच जमीन पर कोई दुकान नहीं बनाई गई है।

# सुनाई नहीं दे रहा है रावत ब्रदर्स की दावेदारी का तराना

## सियासी रूप से साइलेंट हैं या फिर कहीं और साधा है सियासी निशाना


राम नरेश रावत | सुधन रावत | पुष्पेन्द्र रावत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजीति में चर्चा, पर्चा और खर्चा का नियम है। राजनीति में बड़े चेहरे चुनाव वाला पर्चा ही अपना टारगेट रखते हैं। क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं और संगठन स्तर पर सक्रिय दिखाई देते हैं। जनता के बीच वो चुनावी फेस बनते हैं और अपने दल के शीर्ष नेतृत्व में वो अपना बेस बनाकर चलते हैं। राजनीति में ओबीसी फैक्टर की बात करें, राजनीति में जाट फैक्टर की बात करें तो यहां रावत ब्रदर्स को इग्नोर नहीं किया जा सकता। यहां बात पूर्व विधायक रामनरेश रावत, भाजपा नेता पुष्पेंद्र रावत और भाजपा नेता सुधन रावत की हो रही है। राजनीति में रावत ब्रदर्स का तराना सुनाई नहीं दे रहा है। वो साइलेंट मोड पर हैं और ऐसे में ये चर्चा चलने लगी है कि वो खुद ही साइलेंट हैं या फिर कहीं और निशाना साध रहे हैं। यहां पर सबसे पहले बात पूर्व विधायक रामनरेश रावत की।

वो फिलहाल दावेदारी वाले अंदाज में हैं, वो राजनीति के लेवल पर सक्रिय हैं, लेकिन दावेदारी को लेकर अभी पत्ते नहीं खोल रहे हैं। यहां बात पुष्पेंद्र रावत की होगी। पुष्पेंद्र रावत भाजपा के नेता हैं और मोदीनगर से वो एक्टिव रहे थे। वो धरनों प्रदर्शन में शामिल रहे। तब ये माना जा रहा था कि मोदीनगर से पार्टी जाट चेहरे के रूप में उन्हें कंसिडर कर सकती है। लेकिन यहां पार्टी ने चेहरा तो जाट रखा मगर टिकट रिपीट कर दिया। ऐसे में पुष्पेंद्र रावत को लेकर ये भी चर्चा चली थी कि वो मोदीनगर पालिका चेयरमैन पद पर आ सकते हैं। यह सीट आरक्षित हो गई और फिर पुष्पेंद्र रावत ने राजनीति के अन्य पहलुओं पर खुद को फोकस किया। किसान नेता हैं और एयरपोर्ट वाली जमीन के मामले में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सरकार के इस ग्रीन प्रोजेक्ट को पूरा करने में पुष्पेंद्र रावत का भी बड़ा योगदान है। तहसील से लेकर डीएम कार्यालय तक किसान उन्हीं के साथ रहे थे और पुष्पेंद्र रावत किसान नेता के रूप में सामने आए थे। पुष्पेंद्र रावत फिलहाल उतने दमदार अंदाज में नहीं दिखाई द रेह है। अब जब राजनीति का चुनावी ईयर शुरू हो रहा है तो सियासत के जानकार मानते हैं कि अब उन्हें अपना गियर चेंज करना चाहिए। पुष्पेंद्र रावत विधानसभा वाली दावेदारी में एक प्रबल स्थान रखते हैं। लेकिन फिलहाल वो दावेदारी क्यों नहीं कर रहे हैं या फिर वो सियासत के एक्टिव फ्रंट पर क्यों नहीं हैं इसको लेकर चचाएं होने लगी हैं। रावत ब्रदर्स में तीसरा नाम सुधन रावत का आता है। सुधन रावत एमएलसी से लेकर मेयर तक चुनाव लड़े हैं। वो राष्ट्रीय लोकदल से एमएलसी का चुनाव लड़ चुके हैं। सपा से मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं और बसपा से विधानसभा का भी चुनाव लड़ा है।

फिलहाल सुधन रावत भाजपा में हैं। राजनीति का ये एक्टिव चेहरा फिलहाल साइलेंट मोड में नजर आता है। भाजपा के प्रोग्रामों में सुधन रावत नजर नहीं आते हैं। हो सकता है वो देहात क्षेत्र में एक्टिव रहते हों, या खुद को फोटो फ्रेम से दूर रखते हैं। राजनीति में कहावत है कि यहां दिखना बहुत जरूरी है और जब सुधन रावत दिख नहीं रहे तो चचाएं भी हो रही हैं। क्या वो भाजपा के टिकट के लिये दावेदारी करेंगे। क्या वो एमएलसी वाली रेस में हैं। फिलहाल सुधन रावत साइलेंट अंदाज में हैं। आवाज अब राजनीतिक क्षेत्र में उठने लगी है कि आखिर रावत ब्रदर इतने साइलेंट क्यों चल रहे हैं। क्या वो दावेदारी की रेस में हैं। क्या वो नगर पालिका या एमएलसी वाले फ्रेम में फिट होना चाहते हैं।

### सैद्धांतिक और जनसेवा की राजनीति का चेहरा हैं रामनरेश रावत

**करंट क्राइम।** रावत ब्रदर्स की बात करें तो यहां सबसे मजबूत प्रोफाइल में रामनरेश रावत हैं। वो गढ़ सीट से विधायक रहे हैं। बड़ी बात ये है कि आज के युग में वो सैद्धांतिक और जन सेवा की राजनीति का चेहरा हैं। एक बड़ी मिसाल ये है कि जब पार्टी से गढ़ सीट से दूसरे उम्मीदवार को दावेदार बनाया तब ये पार्टी के प्रति वफादारी थी कि पूर्व विधायक रामनरेश रावत ने कंधे से कंधा मिलाकर अपनी पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव भी लड़वाया और चुनाव भी जितवाया। सैद्धांतिक राजनीति के साथ-साथ जनसेवा की राजनीति का चेहरा भी रामनरेश रावत हैं। वो क्षेत्र में विकास के पक्षधर हैं और अनावश्यक चौपालबाजी के स्थान पर सकारात्मक राजनीति और विकास के पहलू पर ध्यान देते हैं। संभ्रांत परिवार से आते हैं और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व है। उच्च शिक्षित हैं, राजनीति की पिच पर पूरी तरह एक्टिव हैं। संघ से लेकर संगठन तक बड़े दरबारों में उन्होंने अपनी पकड़ मजबूत बना रखी है। 2027 के चुनाव में तस्वीर साफ होगी कि पार्टी अपने इस चेहरे को कहां सेट करती है।

# जनगणना जैसे कार्य शिक्षकों से नहीं, शिक्षित बेरोजगारों से कराए जाएं: बालेश्वर त्यागी

## ऐसे कार्यों के लिए भत्ता मिलने से बेरोजगारों के लिए एक वरदान साबित होगा






### लेख की पांच प्रमुख बातें

**1 निजी स्कूलों के शिक्षकों की पहली बार व्यापक ड्यूटी**
इस बार जनगणना में सरकारी शिक्षकों की कमी के चलते निजी (स्ववित्तपोषित) विद्यालयों के शिक्षकों को भी बड़ी संख्या में लगाया गया, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

**2 पढ़ाई पर असर, प्रतियोगिता पर भी पड़ेगा प्रभाव**
निजी विद्यालय अपने अच्छे परीक्षा परिणामों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन शिक्षकों की ड्यूटी लगने से छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान और प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है।

**3 सरकारी शिक्षकों पर पहले से अतिरिक्त कार्यों का बोझ**
चुनाव, वोटर सूची, पल्स पोलियो और जनगणना जैसे कार्यों में लगातार ड्यूटी लगने से पहले ही शिक्षण कार्य प्रभावित होता रहा है, जिस पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं।

**4 समाधान के तौर पर शिक्षित बेरोजगार वर्किंग फोर्स का सुझाव**
लेख में प्रस्ताव रखा गया है कि जनपद स्तर पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण कर उन्हें प्रशिक्षण देकर ऐसे सरकारी कार्यों में लगाया जाए, जिससे शिक्षकों को मुक्त किया जा सके।

**5 रोजगार और व्यवस्था—दोनों को फायदा**
जनगणना जैसे कार्यों के लिए मिलने वाला भत्ता (करीब रू30,000) बेरोजगार युवाओं के लिए सहारा बन सकता है, जबकि सरकार को भी प्रशिक्षित वर्कफोर्स मिल जाएगी—यानी एक समाधान, दो फायदे।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इस बार जनगणना में निजी स्कूलों के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। महर्षि दयानंद विद्यापीठ के भी 35 शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई है। इससे पहले कभी निजी विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाती थी। मैने इस संबंध में जब अधिकारियों से इस पर एतराज किया तो कहा गया कि जनगणना के लिए सरकारी शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण निजी विद्यालयों (स्ववित्तपोषित) के शिक्षकों को लगाया गया है।इससे इन विद्यालयों में भी शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। जो अपने परिश्रम से अच्छे परीक्षा परिणाम देकर प्रतिस्पर्धा में खड़े हो पाते थे, उनकी पढ़ाई में व्यवधान होगा।

दूसरी ओर सरकारी शिक्षकों का एक आरोप सदा रहता है कि उन्हें कभी वोट बनाने, कभी चुनाव करने, कभी पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिलाने, कभी अन्य सरकारी कार्यों को जैसे जनगणना आदि को सम्पन्न करने के लिए उनकी ड्यूटी लगाई जाती है जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इस कमी को पूरा करने के लिए मेरा एक सुझाव है।

ये सर्व विदित है कि अपने देश में शिक्षित बेरोजगारों की अच्छी खासी संख्या है।राजनैतिक दलों द्वारा कई बार चुनावों में बेरोजगार युवाओं को रोजगारी भत्ता देने की मांग उठती है। कई दल बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा करते हैं। सरकार इन शिक्षित बेरोजगारों का जनपद स्तर पर पंजीकरण कराकर जनपद स्तर पर वर्किंग फॉर्स बनाई जा सकती है। उन्हें ट्रेनिंग देकर उन सारे सरकारी कामों को कराया जा सकता है जिनको कराने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है।

ये पढ़े लिखे नौजवान हैं, ये वे सारे काम करने में सक्षम हैं जो कोई भी शिक्षक कर सकते हैं। सरकार उन्हें प्रशिक्षण देकर अपने सारे कामों को उनसे करा सकती है। सरकार पहले भी शिक्षकों को जो अतिरिक्त कार्य कराती है और उसके लिए उन्हें भत्ता दिया जाता है। यह भत्ता बेरोजगारों के लिए एक वरदान बन जाएगा। उन्हें काम भी मिलेगा और काम के बदले दाम भी मिलेगा।

अभी पता चला है कि जनगणना में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है, उन्हें इस कार्य के लिए 30,000/- भत्ता दिया जाएगा। दो माह के काम के बदले बेरोजगारों को तीस हजार रुपए का भत्ता उनके लिए बड़ी सहायता हो जाएगी। जनगणना ही नहीं, वोट बनाने, पल्स पोलियो, चुनाव कराने जैसे सभी सरकारी कार्यों को इन बेरोजगारों से सम्पन्न कराया जा सकता है और उन्हें इन सभी कार्यों के लिए भत्ता मिलेगा तो बेरोजगारों के लिए एक वरदान बन जाएगा।

## संपादकीय

# वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट में

फिलहाल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य नाजुक स्थिति में है। अलग-अलग स्तर पर जारी भू-राजनीतिक संघर्ष का असर कितने स्तर पर पड़ेगा, अभी इसका स्पष्ट अनुमान नहीं लगाया जा सकता। पश्चिम एशिया में युद्ध और उससे उपजे तनाव के कारण न केवल इसमें शामिल पक्षों के रणनीतिक मोर्चे पर, बल्कि इसके असर की वजह से दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर उथल-पुथल मची हुई है। तेल और गैस की कीमतों में उछाल से ज्यादातर देश अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ईंधन के लिए मध्यपूर्व के देशों पर निर्भरता के कारण आयात पर बढ़ रहे खर्च को संभालना इस समय कई देशों के लिए बड़ी चुनौती है। सबसे बड़ा संकट यह है कि ईरान और अमेरिका के बीच गतिरोध के कारण वैश्विक अस्थिरता और इससे उपजी समस्या जटिल होती जा रही है। नतीजा यह कि इसका असर कई देशों पर पड़ा है। अनिश्चितता की वजह से एक ओर शेयर बाजार में अक्सर भारी गिरावट देखी जा रही है और उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं सोने-चांदी के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे निवेशक आशंका में डूबे हैं और वे सुरक्षित निवेश के विकल्पों की ओर देख रहे हैं। जहां तक भारत का सवाल है, तो यहां की अर्थव्यवस्था पर फिलहाल कोई बड़ा असर तो नहीं दिख रहा है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में देश में तेल और गैस की किल्लत के समांतर औद्योगिक उत्पादन में कमी चिंता का विषय है। विकास की रफ्तार पर इसका कितना असर पड़ेगा, इसका आकलन शायद बाद में आए, लेकिन आम आदमी के लिए मुश्किलें गहराने की ही आशंका है। अनिश्चितता भरे इस माहौल के बीच तेल आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान का प्रभाव दिखाई दे रहा है। फिलहाल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य नाजुक स्थिति में है। अलग-अलग स्तर पर जारी भू-राजनीतिक संघर्ष का असर कितने स्तर पर पड़ेगा, अभी इसका स्पष्ट अनुमान नहीं लगाया जा सकता। हालांकि इतना तय है कि पहले ही महंगाई और क्रयशक्ति में कमी से परेशान आम लोगों पर दबाव बढ़ेगा। जिन देशों का वित्तीय ढांचा मजबूत है और ऊर्जा के विकल्प मौजूद हैं, वहां शायद स्थिति नियंत्रण में रहे, लेकिन जो देश इस मामले में बाहर से आपूर्ति पर निर्भर हैं, उनके लिए चुनौतियां गहरी होंगी। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक पैमाने पर आर्थिक मोर्चे पर हो रहे व्यापक नुकसानों के मद्देनजर युद्ध और तनाव जैसे हालात को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य स्तर पर ठोस पहल हो। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव खत्म होते ही कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा हुआ है। सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी अठकने जानकारी दी है कि शुक्रवार से कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपये का इजाफा होने जा रहा है। अब राजधानी नई दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत बढ़कर 3071.50 रुपये हो जाएंगी। हालांकि अच्छी बात यह है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

# अप्रैल में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर आंकड़ा लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली।** अप्रैल, 2026 में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल में पिछले साल की तुलना में साढ़े आठ फीसदी से भी अधिक जीएसटी संग्रह हुआ। ताजा आंकड़ों के मुताबिक जीएसटी संग्रह बढ़कर लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

अप्रैल में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी संग्रह 2.43 लाख करोड़ रुपये हो चुका है, जो पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में 8.7 फीसदी अधिक है। पिछले साल अप्रैल में 2.23 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था।




### जीएसटी संग्रह के अलावा रिफंड के भी आंकड़े

सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 फीसदी बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से जीएसटी संग्रह में 25.8 फीसदी की भारी वृद्धि हुई। यह बढ़कर 57,580 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल के दौरान 31,793 करोड़ रुपये के रिफंड दिए गए, जो 19.3 फीसदी अधिक थे। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 फीसदी बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा।

# एचएएल को मिला नया नेतृत्व, रवि के ने संभाली सीएमडी की कमान, एयरोस्पेस क्षेत्र में बढ़त का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि रवि के ने कंपनी के 22वें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने डी.के. सुनील का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। रवि के के पास एयरोस्पेस एवं रक्षा, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का समृद्ध अनुभव है।

इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने रणनीतिक योजना को दिशा दी और कंपनी को महारत्न का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए रवि के ने कहा कि उनका लक्ष्य एचएएल को नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक), उत्कृष्ट संचालन और मानव संसाधन के दम पर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एयरोस्पेस एवं रक्षा कंपनी के रूप में स्थापित करना है।



उन्होंने अपने करियर में कई अहम नेतृत्व पद संभाले हैं, जिनमें एलसीए तेजस डिवीजन के कार्यकारी निदेशक एवं महाप्रबंधक और कॉर्पोरेट प्लानिंग के कार्यकारी निदेशक शामिल हैं। उनके कार्यकाल के दौरान एचएएल ने कई बड़े अनुबंध हासिल किए, जैसे भारतीय वायुसेना के लिए 180 एलसीए तेजस विमानों की आपूर्ति, तथा भारतीय सेना और वायुसेना के लिए 156 एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टरों का सौदा। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय वायुसेना में तेजस बेड़े के सफल संचालन में भी अहम योगदान दिया। ग्राहक-केंद्रित पहलों के माध्यम से उन्होंने विमानों की उपलब्धता दर में सुधार किया, वायुसेना के ठिकानों के साथ निर्बाध डेटा संचार व्यवस्था स्थापित की और त्वरित सहायता के लिए सिंगल पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट (रढडउ) की शुरूआत की। रवि के कर्नाटक के मलनाड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।

# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में नेतृत्व बदलाव, रवि के बने 22वें सीएमडी, डॉ. डीके सुनील रिटायर

**नई दिल्ली।** रक्षा सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। रवि के ने 22वें सीएमडी के रूप में पदभार संभाल लिया है और उन्होंने डॉ. डीके सुनील की जगह ली है, जो 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हुए।

रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में बड़ा बदलाव हुआ है। रवि के ने शुक्रवार को कंपनी के 22वें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पद संभाल लिया। उन्होंने डॉ. डीके सुनील की जगह ली है, जो 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए।

**रवि के पास 30 वर्षों से अधिक का अनुभव :** रवि के के पास अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विविध क्षेत्रों में 30 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (संचालन) के पद पर कार्यरत थे और कंपनी को 'महारत्न' का दर्जा दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।



पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य एचएएल को नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, परिचालन उत्कृष्टता और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से एक वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एयरोस्पेस और रक्षा उद्यम में बदलना है। रवि के ने अपने करियर में कई अहम नेतृत्व जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे कार्यकारी निदेशक और एलसीए तेजस डिवीजन के महाप्रबंधक रह चुके हैं, साथ ही कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट योजना) जैसे रणनीतिक पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### ग्राहक-केंद्रित पहलों पर दिया विशेष जोर

रवि के ने ग्राहक-केंद्रित पहलों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बेड़े की सेवाक्षमता बढ़ाने, भारतीय वायु सेना के ठिकानों के साथ निर्बाध डेटा संचार स्थापित करने और समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए एकल संपर्क बिंदु (एसपीओसी) प्रणाली लागू करने में अहम भूमिका निभाई।

उनके कार्यकाल के दौरान एचएएल ने कई बड़े रक्षा अनुबंध सफलतापूर्वक पूरे किए। इनमें भारतीय वायु सेना को 180 एलसीए तेजस और भारतीय सेना एवं वायु सेना को 156 एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति से जुड़े अनुबंध शामिल हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मनुष्य के मस्तिष्क में 100 अरब सूचनाएं स्टोर करने की क्षमता होती है।
- ज्यादा सोचने वाले व्यक्ति जल्दी निराश हो जाते हैं भावनात्मक रूप में कमजोर होते हैं और अपने आप को अकेला महसूस करते हैं।
- बिना खाने के हम 20 दिनों तक रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह तक ही रह सकते हैं।
- भारत के द्वारा उड़ाए जाने वाला पहला Rocket cycle में लाया गया था।
- मानव शरीर की झांकी हड्डी किसी कंक्रीट से भी ज्यादा मजबूत होती है।
- एक मामूली चिड़िया प्रतिदिन अपने वजन के बराबर खाना खा जाती है, जबकि 50 किग्रा. का मनुष्य 50 किग्रा. भोजन नही खा सकता।
- अधिकतर पंछियों के लिए चॉकलेट जहर होता है। इसमें Theobromine और Caffeine नामक दो रसायन होते हैं, जिनको इंसान तो पचा सकता है लेकिन पंछी और कुत्ते नहीं।
- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।

# 2025-26 सीजन में भारत का चीनी निर्यात 7.5-8 लाख टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के माध्यम से निर्यात को सरकारी नियंत्रण में रखता है। इस बारे में क्या अपडेट हैं, जानिए विस्तार से।

भारत मौजूदा 2025-26 विपणन सत्र (अक्तूबर-सितंबर) में केवल 7.5 से 8 लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने प्रतिकूल वैश्विक मूल्य समता को इसका कारण बताया है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के माध्यम से निर्यात को सरकारी नियंत्रण में रखता है। 2025-26 के लिए, खाद्य मंत्रालय ने शुरू में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी, फिर 5 लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला, जिसमें से केवल 87,587 टन को ही मंजूरी मिली। अधिकारी ने कहा, पूरे सीजन में लगभग 7.5-8 लाख टन माल की भौतिक खेप आने की संभावना है। फिलहाल निर्यात के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है। अधिकारी ने आगे बताया कि भारत 3 मार्च तक 5 लाख टन का निर्यात कर चुका है और मिलों द्वारा पूरे सीजन के निर्यात कोटा का उपयोग करने की संभावना नहीं है, भले ही सीजन की शुरूआत में निर्यात अधिक सक्रिय था। हाल के वर्षों में घरेलू चीनी खपत के



पैटर्न में बदलाव आया है, और मांग में वृद्धि स्थिर हो गई है जबकि खपत की मात्रा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस प्रवृत्ति के कारण कुल खपत में कमी आई है, जिससे उत्पादन में मामूली सुधार के बावजूद निर्यात के लिए अपेक्षा से अधिक अधिशेष उपलब्ध है। इस सीजन में अब तक घरेलू चीनी उत्पादन 27.5 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि कुल उत्पादन 28.2 मिलियन टन रहने का अनुमान है - जो 2024-25 में दर्ज किए गए 26.1 मिलियन टन से थोड़ा अधिक है।

# सुधारों के दम पर 90 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा एफडीआई तेज आर्थिक वृद्धि से विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 90 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान देश में कुल 88 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इस अवधि में देश में शुद्ध एफडीआई बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2024-25 में यह 80.61 अरब डॉलर था। भाटिया ने कहा, सरकार की ओर से निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए नीतिगत सुधारों, विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों और तेज आर्थिक वृद्धि ने भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। इन कारकों के चलते भारत वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है।




### इन्वेस्ट इंडिया से 6.1 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट

राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने 2025-26 में 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 प्रोजेक्ट हासिल करने में मदद की है। ये निवेश 14 राज्यों में फैले हैं और इससे 31,000 से ज्यादा रोजगार सृजन की संभावना है। कुल निवेश का करीब 42 फीसदी यूरोपीय देशों से आया है, जबकि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया से भी निवेश बढ़ा है।

### एफडीआई नियमों में ढील पर जल्द आएगी अधिसूचना

सरकार चीनी कंपनियों में 10 फीसदी तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए एफडीआई नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी होगी। सरकार ने मार्च में प्रेस नोट-3 (2020) में संशोधन को मंजूरी दी थी। हालांकि, यह छूट चीन, हांगकांग या भारत से सटे अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** व्यवसाय से संबंधित यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है, जो यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी. आप अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।

**वृष:** मानसिक शांति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें. जो लोग लघु उद्योग करते हैं, उन्हें कल के दिन अपने किसी करीबी की सहायता मिल सकती है।

**मिथुन:** हर बात पर प्यार का दिखावा दिखाना करना ठीक नहीं है, इससे आपका रिश्ता सुधारने की जगह बिगड़ सकता है।

**कर्क:** बुरा दौर ज्यादा सिखाता है, उदासी के भंवर में खुद को खोकर वक्त बर्बाद करने से बेहतर है कि जिंदगी के सबक को जानने और सीखने की कोशिश की जाए।

**सिंह:** आपका संगी कल आपके लिए घर पर कोई सरप्राइज पार्टी कर सकता है, जिससे आप काफी खुश नजर आएंगे. लव लाइफ आपकी खुशियों से भरी रहेगी।

**कन्या:** अपने बिजी दिन में से कुछ समय आप अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खेलकूद और उन्हें कहीं बाहर घुमाने भी लेकर जा सकते है।

**तुला:** मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी. आर्थिक जीवन की स्थिति कल अच्छी नहीं कही जा सकती है. बचत करने में मुश्किलें आ सकती हैं।

**वृश्चिक:** अपने नकारात्मक रवैया के चलते आप प्रगति नहीं कर पा रहे हैं, यह इस आदत को समझने का सही वक्त है, कि चिंता की आदत है आपने के सोचने की क्षमता को खत्म कर दिया है।

**धनु:** घर में मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. आपकी उम्मीद एक महक से भरे हुए खूबसूरत फूल की तरह खिलेगी जो आपको आकर्षित कर रही हैं।

**मकर:** जो लोग समाज की भलाई के लिए कार्य करते हैं, उनके मान-सम्मान में वृद्धि होगी. आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा।

**कुंभ:** यात्रा के लिए कल से आप अभी कुछ कमजोर है इसलिए लंबी यात्राओं से बचने की कोशिश कीजिए

**मीन:** जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा. परिवार वाले सभी मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर जाने की योजना बनाएंगे।

## चुटकुले

गोलू- पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी- पांच बजे
गोलू- लोकल?
टीटी- 9 बजे... आपको जाना कहां है?
गोलू- कही नहीं...बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

चिंटू- घोड़ी पर दूल्हा ही क्यों बैठता है दुल्हन क्यों नहीं?
मिंटू- घोड़ी पर बैठाकर दूल्हे को भागने का आखिरी मौका दिया जाता है।

पत्नी- मैं आपसे बात नहीं करूंगी,
पति- ठीक है,
पत्नी- क्या आप कारण नहीं जानना चाहते...?
पति- हीं, मैं तुम्हारे फैसले की इज्जत करता हूं।

डॉक्टर- तुम्हारी एक किडनी फेल हो गई है.
सोनू- पहले तो बहुत रोया, फिर आंसू पोंछकर बोला साहब ये भी बता दीजिए कि कितने नंबर से फेल हुई है?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 02 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



पल्लवी बात्रा (अभिनेत्री)



तुलिका शर्मा | कुसुम नाथ | विनिता | विनिता रानी उपाध्याय | अमित राणा



हरेन्द्र सिंह भाटी | मोहम्मद साहिब अल्वी | मोहम्मद हदी | निशान्त त्यागी | पदम सिंह | प्रदीप गर्ग | भूपेन्द्र सिंह



राजीव दलानिया | संजय मिश्रा | संजय राघव | सोदान गुर्जर | विनोद त्यागी | कुमार मुकुल | मनी मोहन



गुरुदास पाल | मोहन कपूर | नितिन यादव | प्रदीप मिश्रा | शमर बहादुर सिंह | संजीव कुमार | वीरपाल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर

## टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा

**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग के वार्षिक अपडेट में भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे स्थान पर जगह बना ली है। इस बदलाव में टीम इंडिया ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को पीछे छोड़ दिया है।

खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला। भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है।





### शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया गया है, जबकि उससे पहले के मुकाबलों का प्रभाव 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी कारण रैंकिंग में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 131 रेटिंग अंकों के साथ मजबूती से कायम है और उसने अपनी बढ़त को और मजबूत किया है। दूसरे स्थान पर मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 119 अंकों के साथ बरकरार है।

भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा, इंग्लैंड चौथे पायदान पर लुढ़का

सबसे बड़ा बदलाव तीसरे स्थान के लिए हुआ, जहां भारत 104 अंकों के साथ एक पायदान ऊपर चढ़ गया, जबकि इंग्लैंड 102 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया। इंग्लैंड को पुराने मैचों जैसे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जीत और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत का पूरा फायदा नहीं मिला।

**टेस्ट रैंकिंग का मौजूदा हाल**

| स्थान | टीम | मैच | अंक | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ऑस्ट्रेलिया | 24 | 3138 | 131 |
| 02 | दक्षिण अफ्रीका | 19 | 2256 | 119 |
| 03 | भारत | 25 | 2600 | 104 |
| 04 | इंग्लैंड | 28 | 2850 | 102 |
| 05 | न्यूजीलैंड | 17 | 1717 | 101 |
| 06 | पाकिस्तान | 13 | 1154 | 89 |
| 07 | श्रीलंका | 13 | 1118 | 86 |
| 08 | वेस्टइंडीज | 21 | 1425 | 68 |
| 09 | बांग्लादेश | 17 | 1134 | 67 |
| 10 | आयरलैंड | 5 | 124 | 25 |

### शीर्ष-10 में पाकिस्तान के अलावा ये टीमें

अन्य बदलावों में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने श्रीलंका क्रिकेट टीम को पीछे छोड़ दिया है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम, बांग्लादेश क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम टॉप-10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। इस अपडेट में आयरलैंड क्रिकेट टीम रैंकिंग से बाहर हो गई है, क्योंकि उसने निर्धारित अवधि में पर्याप्त टेस्ट मैच नहीं खेले। वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की बात करें तो भारत अभी भी छठे स्थान पर है, जहां उसका अंक प्रतिशत 48.15 है।

## दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेगी। यह प्रतियोगिता चार मई से कजाखस्तान के अल्माटी में होगी।



कजाखस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। 10 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

चार मई को शुरू होगी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालिफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को, जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था। दूसरे चरण की प्रतियोगिता के पहले दिन तीन भारतीय ओलंपियन हिस्सा लेंगे।

इनमें पुरुष स्कीट स्पर्धा में मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नारुका तथा महिला स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों शामिल हैं। ये तीनों इस साल पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। भारत को इस प्रतियोगिता में इटली, फिनलैंड, डेनमार्क, चेक गणराज्य, साइप्रस, यूनान, पेरू और कतर जैसी मजबूत टीमों के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करना होगा।

## भारत का क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे से होगा सामना

**नई दिल्ली।** भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है।

इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है।

**भारत ने 2022 में जीता था खिताब:** युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पहली दो पारियों में समीर रिजवी ने बनाए 160 रन, बाद की पांच पारियों में 49 रन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरूआत शानदार तरीके से की थी। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय खो बैठे। दिल्ली को अगर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है को रिजवी को भी जल्द से जल्द फॉर्म में लौटना होगा।



आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत धमाकेदार रही थी। टीम ने सीजन के अपने पहले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) और दूसरे मैच में मुंबई इंडियंस को हराया था। दिल्ली को इन दोनों मैचों में मिली जीत का हीरो एक युवा और अनकैप्ड खिलाड़ी रहा था। इस खिलाड़ी का बल्ला बाद के छह मैचों की पांच पारियों में नहीं चला है। दिल्ली को पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

लगातार दो मैचों में रिजवी के बल्ले से आई इन मैच-विजयी पारियों ने न सिर्फ दिल्ली को जीत दिलाई थी, बल्कि टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ाया था। रिजवी को टीम का संकटमोचक माना जाने लगा था। लेकिन, उन दो मैचों के बाद रिजवी लगातार पांच पारियों में फ्लॉप रहे हैं। इसका खामियाजा दिल्ली को छह मैचों में पांच में हार के रूप में उठाना पड़ा है। शुरूआती दो पारियों में 160 रन बनाने वाले रिजवी बाद की पांच पारियों में महज 49 रन बना सके हैं। रिजवी की असफलता से दिल्ली का मध्यक्रम कमजोर हुआ है।

### रिजवी का फॉर्म में आना जरूरी

टूर्नामेंट अब धीरे-धीरे निर्णायक मोड़ पर जा रहा है। दिल्ली आठ मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक लेकर सातवें स्थान पर है। अगर दिल्ली को अगले छह मैचों में कम से पांच मैच जीतना है और प्लेऑफ की संभावना तलाशनी है, तो रिजवी का रन बनाना अहम होगा। देखना होगा कि रिजवी का बल्ला शुक्रवार को राजस्थान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में चलता है या नहीं।

### शुरूआती मैचों में दिल्ली की जीत के हीरो रहे थे रिजवी

दिल्ली कैपिटल्स को सीजन के शुरूआती दो मैचों में मिली जीत के हीरो दाएं हाथ के 22 साल के विस्फोटक बल्लेबाज समीर रिजवी रहे थे। समीर ने दोनों ही मैचों में मुश्किल परिस्थिति से निकालते हुए टीम को जीत दिलाई थी। एलएसजी के खिलाफ 26 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी दिल्ली को रिजवी ने 47 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाकर जीत दिलाई थी। इसके बाद मुंबई के खिलाफ 51 गेंदों पर 90 रन बनाकर समीर ने दिल्ली को जीत दिलाई थी।

## राजस्थान के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं मिचेल स्टार्क

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं चल रहा है और टीम अब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगी। दिल्ली के लिए राहत की बात यह है कि इस मैच में मिचेल स्टार्क उपलब्ध रह सकते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है। टीम को शुक्रवार को आईपीएल मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया। वहीं, दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑलआउट हो गए।

दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में अच्छा योगदान दिया है लेकिन पूरी टीम मिलकर एक साथ अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है।



पिछले मैच में अभिषेक पोरेल ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शर्मनाक स्कोर पर ऑल आउट होने से बचाया था।

### गेंदबाजी विभाग होगा मजबूत

गेंदबाजी के मोर्चे पर दिल्ली के लिए कुछ अच्छी खबरें भी हैं। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एक मई से खेलने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। लुंगी एनगिडी के उपलब्ध नहीं होने के कारण स्टार्क का टीम में शामिल होना दिल्ली के लिए एक बहुत ही जरूरी और सही समय पर मिला सहारा साबित हो सकता है। उम्मीद है कि वे काइल जैमीसन या दुष्मंता चमीरा में से किसी एक की जगह लेंगे।

### राजस्थान का मजबूत पक्ष

राजस्थान का शीर्ष क्रम काफी आक्रामक रहा है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिना किसी डर के जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों का शुरू से ही डटकर सामना किया है तो वहीं यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं।

राजस्थान के लिए एक और सकारात्मक बात यह है कि धीमी शुरूआत के बाद अब उनका मध्य क्रम भी लय में लौट आया है।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:

**राजस्थान:** यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), दासुन शनाका, डोनोवान फरेरा, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, बृजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, यश राज पुंजा।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल (कप्तान), डेविड मिलर, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार।

## व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं दे रहे भुवनेश्वर कुमार



**अहमदाबाद।** आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। भुवनेश्वर फिलहाल आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, लेकिन उनका कहना है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। भुवनेश्वर इस सीजन विकेट लेने में सफल रहे हैं और फिलहाल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। भुवनेश्वर का हालांकि मानना है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और उनके लिए टीम के लक्ष्यों को पूरा करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।

### 'सभी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा'

भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी।

### टीम के लक्ष्य को बताया महत्वपूर्ण

**भुवनेश्वर क्यों बोले अब मैं युवा नहीं:** भुवनेश्वर ने कहा, पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। टीम प्रबंधन ने मेरा हौसला बढ़ाया है।



## जापान के टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी ने किया संन्यास का एलान

**टोक्यो।** विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।

जापान के स्टार टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी ने 2026 सीजन के आखिर में संन्यास लेने का एलान किया है। निशिकोरी जापान के टेनिस इतिहास में सबसे ऊंचे रैंकिंग वाले खिलाड़ी रहे हैं। वह दुनिया के शीर्ष 10 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले भी पहले जापानी खिलाड़ी रहे। निशिकोरी ने हाल ही में पिछले साल के सिनसिनाटी ओपन में एक टूर-लेवल इवेंट में हिस्सा लिया था। उन्होंने पिछले सप्ताह जॉर्जिया के सवाना में एक एटीपी चैलेंजर इवेंट में खेला था।



जापान के स्टार टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी ने 2026 सीजन के आखिर में संन्यास लेने का एलान किया है। निशिकोरी जापान के टेनिस इतिहास में सबसे ऊंचे रैंकिंग वाले खिलाड़ी रहे हैं। वह दुनिया के शीर्ष 10 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले भी पहले जापानी खिलाड़ी रहे। निशिकोरी ने हाल ही में पिछले साल के सिनसिनाटी ओपन में एक टूर-लेवल इवेंट में हिस्सा लिया था। उन्होंने पिछले सप्ताह जॉर्जिया के सवाना में एक एटीपी चैलेंजर इवेंट में खेला था।

### सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये की घोषणा

निशिकोरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, मैं एक घोषणा कर रहा हूं कि मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। बचपन से मुझे टेनिस का शौक रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है कि मैं विश्व स्तर पर मुकाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, प्रतिस्पर्धा के सबसे ऊंचे लेवल पर खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, भरे हुए एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता।

निशिकोरी ने लिखा, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जिंदगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है। मैं अपने परिवार और उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने हर समय मेरा साथ दिया। सच कहूं तो, मैं अब भी चाहता हूं कि मैं अपना खेल करियर जारी रख सकूं।

## सनराइजर्स हैदराबाद को लगा झटका शिवम मावी पूरे आईपीएल सत्र से बाहर

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने शिवम मावी की जगह आरएस अम्ब्रीश को टीम में शामिल किया है। मावी पूरे टूर्नामेंट से चोट के कारण बाहर हो गए हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद को तगड़ा झटका लगा है। टीम के युवा गेंदबाज शिवम मावी ग्रोइन इंजरी की वजह से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम प्रबंधन ने आरएस अम्ब्रीश को टीम में शामिल किया है।

### आईपीएल का बयान

आईपीएल की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक, 'दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।'



### आरएस अम्ब्रीश को मिला मौका

मावी की जगह सनराइजर्स के टीम प्रबंधन ने युवा ऑलराउंडर आरएस अम्ब्रीश को टीम में शामिल किया है। वह भारत के अंडर-19 विश्व कप स्क्वॉड का भी हिस्सा रह चुके हैं। वह इस टूर्नामेंट में भारत की अंडर-19 टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी थे, जिनके नाम 11 विकेट थे।

## गिल के आउट होने पर कोहली ने आक्रामक अंदाज में मनाया जश्न

### गुजरात के कप्तान ने अब इस तरह कसा तंज

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस और आरसीबी के बीच मैच के बाद भी फनी बेंटर जारी है। मैच के दौरान कोहली ने गिल के आउट होने पर आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था। अब गिल ने इंस्टाग्राम पर कोहली की फोटो डालकर एक पोस्ट के जरिये उनके मजे लिए हैं।

आईपीएल 2026 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना गुजरात टाइटंस से हुआ। यह मैच भले ही हाई स्कोरिंग वाला नहीं रहा, लेकिन इसमें विराट कोहली और शुभमन गिल के बीच फनी बेंटर जरूर देखने मिला। कोहली मैदान पर आक्रामक रवैये के लिए जाने जाते हैं। कई बार वह अपने जोशीले अंदाज से विरोधी टीम को जवाब देते हैं। ऐसा हुई आरसीबी और गुजरात के बीच मैच के दौरान भी हुआ।




### कोहली ने पकड़ा गिल का कैच

कोहली और गिल भारतीय टीम के दो स्टार खिलाड़ी हैं। लेकिन आईपीएल में ये आमने-सामने थे। गिल जहां गुजरात की कप्तानी कर रहे हैं, वहीं कोहली आरसीबी के स्टार बल्लेबाज हैं। गुजरात ने इस मुकाबले में आरसीबी को चार विकेट से हराया, लेकिन मैदान पर उस वक्त दिलचस्प वाक्या देखने मिला जब गिल अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली ने गिल का कैच लपका और जोश में जश्न मनाया। इसे देखकर गिल भी पवेलियन लौट गए। शुभमन गिल 18 गेंद में 43 रन बनाकर आउट हुए।

### इंस्टा पोस्ट के जरिये गिल ने लिए मजे

कोहली के जश्न का जवाब गिल ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये दिया। गिल ने मैच के बाद एक फोटो शेयर की जिसमें कोहली नजर आ रहे हैं। उन्होंने जेसन होल्डर को टैग करते हुए लिखा, 'प्ले होल्ड होल्डर। आज टीम ने बोल्ड प्रदर्शन किया।' गिल ने हालांकि पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोहली की फोटो के साथ यह कैप्शन बताया है कि उन्होंने इस पोस्ट के जरिये आरसीबी के मजे लिए हैं। इससे पहले गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच के बाद भी पीली सीटी पकड़े एक फोटो शेयर की थी।

### मैच का हाल

अरशद खान की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल और जोस बटलर की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत गुजरात टाइटंस ने आरसीबी के खिलाफ चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल की 40 रनों की पारी की मदद से 19.2 ओवर में 10 विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम ने 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### गुजरात पांचवें स्थान पर मौजूद

गुजरात की यह आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए 26वीं जीत है। वहीं, 13 मुकाबलों में टीम को शिकस्त मिली है।

इस जीत के साथ शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम की स्थिति अंक तालिका में मजबूत हो गई है। नौ में से पांच मुकाबले जीत चुकी गुजरात के खाते में 10 अंक हो गए हैं। हालांकि, नेट रन रेट -0.192 है। वहीं, आरसीबी तीन मैच हारकर फिलहाल दूसरे पायदान पर मौजूद है।

## 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में क्यू खेलों को शामिल करने की मांग

**नई दिल्ली।** कई बार के विश्व चैंपियन सौरव कोठारी ने 2030 में अहमदाबाद में होने वाले क्यू खेलों (स्नूकर और बिलियर्ड्स) को शामिल करने जोरदार वकालत की।

आयरलैंड के कारलो में आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतने वाले सौरव कोठारी ने 2030 में अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी चरण में क्यू खेलों (स्नूकर और बिलियर्ड्स) को शामिल करने जोरदार वकालत की।

कई बार के विश्व चैंपियन कोठारी ने कहा, बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई पदक जीतने का शानदार मौका है। हमने एशियाई खेलों में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। अगर हमें राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया जाता है तो भारत की पदक तालिका के लिए यह बहुत अच्छा होगा। हमें साई, मंत्रालय और मीडिया से सहयोग की जरूरत है।

विश्व और एशियाई चैंपियनों के इतने समृद्ध इतिहास वाले इस खेल का बहु-महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पाने का पूरा हक है। कोठारी अपने पिता के निधन से अभी तक उबर नहीं सके हैं और उनका कहना है कि वह अब भी अंदरूनी द्वंद्व से जूझ रहे हैं।

उन्होंने हालांकि कहा कि एक अजीब खालीपन ने उन्हें लगातार दो विश्व खिताब जीतने के सफर में दबाव से निपटने में भी मदद की।

# गाजियाबाद आसपास




## चेन स्नैचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**- चेन के टुकड़े व बाइक बरामद**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना कविनगर पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चेन के दो टुकड़े (पीली धातु), दो मोबाइल फोन, 2600 रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गोविंदपुरम निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बाइक सवार बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। एसएचओ अनुराग शर्मा ने बताया है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर 1 मई को पुलिस ने वाटर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चौराहे के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हैप्पी (25) निवासी फिरोजाबाद हाल निवासी मसूरी और देवेश (20) निवासी हाथरस हाल निवासी मसूरी के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने कई मोबाइल स्नैचिंग और गोविंदपुरम में चेन लूट की वारदात कबूल की। उन्होंने बताया कि झपटमारी के दौरान चेन टूट गई थी, जिसे बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ जा रही कार से टकराई

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-09 स्थित अरासा होटल के सामने तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ जा रही दूसरी कार से टकरा गई। इस दौरान दोनों कारों के चालक घायल हो गए और कारें बुरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद हाईवे के एक तरफ यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार दिल्ली के मोहल्ला मेघवाला निवासी चालक वसीम अपनी वैगनार कार में सवार होकर मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे।

## 'सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह' का आयोजन

### स्कार्दी ग्रीन्स में डॉ. सार्थक का सम्मान और वाल्मीकि महासभा द्वारा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर में आज सेवा और सम्मान के दो अलग-अलग रंगों का संगम देखने को मिला। एक ओर जहाँ चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले युवा का अभिनंदन किया गया, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने वाले श्रमवीरों को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, गाजियाबाद महानगर द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय महर्षि वाल्मीकि पार्क में एक भव्य 'सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता श्री प्रदीप चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ है और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कर्मचारियों से संगठित रहने का आवाहन किया। नगर निगम के 5 जोनों से आए सफाई कर्मचारियों को महासभा द्वारा तिलक लगाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महासभा के प्रखर वक्ता सुनील सर द्वारा किया गया, जबकि भव्य आयोजन की जिम्मेदारी महासभा के अध्यक्ष शक्ति जीनवाल ने निभाई। इस गरिमामयी अवसर पर राजेंद्र चौहान, जॉनी वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, अमित राष्ट्रवादी, शनि मनोठिया, नीरज वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, संजय टॉक, सीमा वाल्मीकि, राधा, सुनीता और सुमन वाल्मीकि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जीडीए से कार्रवाई कराने के नाम पर ब्लैकमेल करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिहानी गेट पुलिस ने दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने वाले अनुज शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला जीडीए और नेहरू नगर में चल रहे किसी निर्माण का बताया जाता है। आरोप है कि अनुज शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट हटाने के एवज में 24 लाख रूपये की रंगदारी की मांग की गयी थी। इस मामले में दिनेश गोस्वामी ने 17 अप्रैल को तहरीर दी थी जिसके बाद ये एफआईआर दर्ज की गयी है।

## महिला पदयात्रा के जरिये जताया आक्रोश, विपक्ष का किया विरोध




**हापुड़।** नगर में भाजपा नगर मंडल की ओर से जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रुख के विरोध में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष कविता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसमें महिलाओं ने एकजुट होकर विरोध जताया। कार्यक्रम की संयोजिका सुमन गर्ग रहीं। नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने बताया कि नारी सम्मान से जुड़े कानून पर राजनीति करना गलत है। संगठन महिला अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। जिला अध्यक्ष ने भी कहा कि महिला शक्ति के मुद्दों पर किसी भी तरह की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी और विरोध जारी रहेगा।

इस अवसर पर मीनाक्षी गोयल, ज्योति गोयल, आशी मित्तल, नीरा कंसल, रेखा अग्रवाल, गीता कंसल, सोनिया भारती, सीमा जौहर, रजनी शर्मा, अंकुर गहलोत, वरुण शर्मा, विनय कुमार, रेनू सैनी, चेतन राणा, हिमांशु अग्रवाल, नरेंद्र सैनी, विशाल कौशिक, नरेश भारती, शैंकी प्रजापति, नितिन चोकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खीरे पर हरा रंग लगाकर बेचने का वीडियो वायरल

**गढ़मुक्तेश्वर।** नेशनल हाईवे-9 स्थित ब्रजघाट टोल प्लाजा क्षेत्र में खीरे पर हरा रंग और केमिकल लगाकर बेचने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ लोग खीरों को कृत्रिम तरीके से चमकदार और हरा बनाते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई है और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्रजघाट टोल प्लाजा के आसपास सड़क किनारे लगने वाली दुकानों पर लंबे समय से इस तरह का खेल चल रहा है। आरोप है कि खीरे को ताजा और आकर्षक दिखाने के लिए उस पर रंग और केमिकल का प्रयोग किया जा रहा है।

इससे खाने वालों की सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि इस तरह के केमिकल युक्त खाद्य पदार्थों से पेट और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

बता दें कि इससे पहले भी खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा क्षेत्र में जांच कर कार्रवाई की गई थी लेकिन इसके बावजूद दुकानदार बाज नहीं आ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब एक बार फिर प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। एसडीएम श्रीराम यादव का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में खीरों पर रंग या केमिकल लगाने की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बुद्ध जयंती पर डॉ बी आर अंबेडकर जयंती पार्क में कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को डॉ बी आर अंबेडकर जयंती पार्क में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भगवान बुद्ध के अहिंसा, करुणा और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें सत्य, दया और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर राहुल सिंह (पूर्व अध्यक्ष), दुष्यंत गौतम (महासचिव) और यशपाल सिंह (कोषाध्यक्ष) ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज में भाईचारे व समानता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में डॉक्टर पवन गौतम, शेखर डॉगी, सोनू, संजीव वाल्मीकि, बंटी वाल्मीकि, अनिल कल्याणी एडवोकेट रामेश्वर दत्त एडवोकेट विपिन रोहित शेट्टी , ललित, गौरव, नितिन, कुलदीप, विक्की सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हापुड़ में तीन लाख से अधिक भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हापुड़।** बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान दिया और विश्व कल्याण की कामना की।

बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर शुक्रवार को विभिन्न राज्यों से आए तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट, पुष्पावती पूठ औ लठीरा के तट पर मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद गरीबों को दान देकर पुण्य कमाया।

दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दूरस्थ जनपदों के श्रद्धालुओं का आगमन बृहस्पतिवार की शाम से ही प्रारंभ हो गया था। इसके चलते दिन ढलते ही तीर्थनगरी की सैकड़ों धर्मशाला, मंदिर और आश्रमों में भी भारी भीड़ हो गई। रात में आने वालों को पक्के बांध, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, शिव चौक समेत खुले स्थानों पर लेटकर रात बितानी पड़ी। पूर्णिमा की सुबह ब्रह्म मुहूर्त आरंभ होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा किनारे एकत्र हो गई। जहां हर-हर गंगे के जयकारों के बीच मोक्ष दायिनी में डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा में स्नान निरंतर चलता रहा। अधिकांश श्रद्धालुओं ने गंगानगरी के प्रसिद्ध धर्मस्थलों वेदांत मंदिर, अवंतिका देवी सिद्धपीठ, हनुमान मंदिर, गंगा मंदिर, श्रीकृष्ण, शीतल आश्रम में पहुंचकर अपने ईष्ट देवों की पूजा अर्चना भी की।

## समाज के हक के लिए फैसले, जाट समाज हमेशा रहेगा ऋणी

**राम प्रकाश गुप्ता की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता की पुण्य तिथि के अवसर पर 1 मई 2026 को वरदान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गढ़ी सिकरोड़ मेरठ रोड स्थित सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जाट समाज के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज को आरक्षण दिलाने में उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1999 में मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए राम प्रकाश गुप्ता ने समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे और विशेष रूप से जाट समाज को पिछड़ा वर्ग आरक्षण दिलाने के उनके प्रयास ऐतिहासिक रहे, जिसके लिए समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा।

समिति के संस्थापक संरक्षक एवं पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि समाजहित में शुरू की गई यह मुहिम आज व्यापक रूप ले चुकी है और इसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

पूर्व महापौर अशु वर्मा ने कहा कि राम प्रकाश गुप्ता ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और उनके सिद्धांत आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। वहीं युवा नेता प्रताप चौधरी ने कहा कि हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के विकास के लिए लगातार कार्य करना चाहिए। नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता अत्यंत आवश्यक है और ऐसे आयोजन उसी भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में सुधीर चौधरी (पगड़ी) ने भी अपने विचार रखते हुए उन्हें सच्चा समाजसेवी बताया और उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि जाट समाज को आरक्षण दिलाने के उनके प्रयासों से प्रभावित होकर साहिब सिंह वर्मा ने उन्हें 'चौधरी' की उपाधि प्रदान की थी और उन्हें चौधरी चरण सिंह का सच्चा अनुयायी बताया था।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद नरेन्द्र तेवतिया द्वारा किया गया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कृष्णवीर सिरोही, आशु वर्मा, प्रदीप चौधरी, आकाश प्रधान, श्रीमती उषा चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, हंस चौधरी, भीष्म चौधरी, राहुल चौधरी, रविन्द्र तेवतिया, कोमल कुण्डू, इन्द्रपाल चौधरी, संजय चौधरी, बी.पी. बालियान, प्रताप सिंह, विनय चौधरी और वैभव चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## दो दिन से गैस आपूर्ति ठप होने पर लोगों का फूटा गुस्सा

**पिलखुवा, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर स्थित भारत गैस गोदाम पर दो दिन से गैस आपूर्ति ठप होने से हालात बिगड़ गए। गुरुवार को काफी संख्या में लोग गोदाम पर पहुंच गए और जोरदार हंगामा कर दिया। सिलिंडर के लिए घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने की नौबत ने लोगों का गुस्सा भड़का दिया।



लोगों ने आरोप लगाया कि बिना सिलिंडर दिए ही सिस्टम में डिलीवरी पूरी दिखा दी गई। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बावजूद गोदाम पर सिलिंडर नहीं दिया गया। 25 दिन पहले की बुकिंग तक अटकी पड़ी है, जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मौके पर मौजूद कर्मचारी ने आपूर्ति वाहन न पहुंचने की बात कही लेकिन भीड़ इस दलील को मानने को तैयार नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पहले ओटीपी लेकर डिलीवरी दर्ज कर दी जाती है और बाद में सिलिंडर नहीं दिया जाता। इससे परेशानी और बढ़ रही है।

दयावती ने बताया कि एक हफ्ते से गैस नहीं मिलने से घर का चूल्हा ठंडा पड़ा है। कई परिवारों के सामने खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। हंगामे के बीच लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। गैस एजेंसी के प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि पीछे से आपूर्ति न मिलने के कारण यह समस्या हुई है। सभी आरोप गलत हैं और नियमानुसार गैस वितरण किया जा रहा है। लोगों के साथ-साथ प्रबंधन भी इस समस्या से परेशान है। लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जैसे ही आपूर्ति मिलेगी, तुरंत सिलिंडर वितरित करा दिया जाएगा।




## तीनों जोन में दिखा सिटी वाले साहब का जलवा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई रिकॉर्ड बनते हैं। तो कई अनोखी दास्तान लिखी जाती हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों एक साहब का जलवा इस कदर हावी है कि वह अपने जोन से लेकर दोनों या यूं कहे तीनों जोन में कमान संभाले हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऐसा वाक्य कम ही होता है, जब एक ही साहब के पास तीनों जोन का चार्ज हो। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते 24 घंटे से सिटी वाले साहब का डंका बज रहा है। वह नदिया पार की कमान तो लगभग एक महीने से ऊपर से संभाले हुए हैं। तो बृहस्पतिवार की रात से उनके कंधों पर देहात वाला चार्ज भी आ गया है। बताया जा रहा है कि देहात वाले किसी काम से बाहर गए हैं। तो उनके कंधों पर तिहरी जिम्मेदारी आ गई है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से साहब ने उन पर भरोसा जता रखा है और उनकी वर्किंग भी बेमिसाल बताई जाती है। वह लाइन से लेकर मुख्यालय और निर्माण से लेकर क्राइम सभी कुछ देख रहे हैं। तो जिस तरीके से नदिया पार वालों की गैर मौजूदगी में उनके द्वारा सभी महत्वपूर्ण घटनाक्रम संभाले जा रहे हैं। तो बीते लगभग एक सप्ताह के दौरान 6 थानाक्षेत्रों में पुलिस की गोली ने बदमाशों को लंगड़ा करने का काम किया है। वर्तमान में सिटी वाले साहब के हाथों में नदिया पार की कमान है। यही वजह है की बीती दो रातों से दो-दो एनकाउंटर हो रहे हैं। पुलिस बदमाशों पर जमकर गोली चल रही है, तो वारदातों का खुलासा भी कर रही है। जिस तरीके से सिटी वाले साहब नदिया पार से लेकर देहात तक मोर्चा संभाले हुए हैं, उससे कई अधिकारियों के होश उड़ गए हैं। तो बताया जा रहा है कि जिस तरीके से सिटी वाले साहब किसी भी मामले के रिव्यू से लेकर उसपर जजमेंट लेने में बहुत ज्यादा देर नहीं करते हैं और यही खासियत उनकी पुलिसिंग और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध नियंत्रण के प्रयासों को सफल बनाने का काम कर रही हैं। थानों के बड़े खाने का आयोजन हो या मीडिया मैनेजमेंट से लेकर कई बड़े मामलों में उनकी वर्किंग बेमिसाल रही है। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि सिटी वाले साहब का डंका इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में बज रहा है। उनका शानदार व्यवहार और वर्किंग का इलाज पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में उनकी टीआरपी को हाई रखने का काम कर रहा है। कहा भी जाता है कि अगर मौका मिले, तो उसको पूरा चमकना चाहिए और इस काम को सिटी वाले साहब पूरी शिद्दत से करने का काम कर रहे हैं।



## स्कार्दी सोसाइटी के सार्थक अग्रवाल ने 22 की उम्र में पूरा किया एमबीबीएस, सोसाइटी में खुशी की लहर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्कार्दी सोसाइटी के लिए गर्व का क्षण है। सोसाइटी के होनहार निवासी सार्थक अग्रवाल (पुत्र श्री दिनेश अग्रवाल, फ्लैट नं. 1902/1डी) ने मात्र 22 वर्ष की आयु में अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है।

सार्थक की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने अपने प्रथम प्रयास में ही प्रतिष्ठित नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने राजस्थान के गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज, कोटा से अपनी डॉक्टरी की डिग्री हासिल कर समाज और परिवार का नाम रोशन किया है। सार्थक की इस शानदार सफलता पर आज एओए टीम द्वारा उन्हें विशेष रूप से बधाई दी गई। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्यों ने उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। स्कार्दी ग्रीन सोसाइटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा सुप्रसिद्ध भजन गायक रमन गुप्ता के साथ अन्य रेजिडेन्ट में डा. सार्थक अग्रवाल को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए बधाई दी और माल्यापर्ण कर पूरी सोसायटी ने उनका सम्मान किया।

## गर्मी बढ़ने के साथ ही दादरी में बढ़ी बिजली कटौती

**नोएडा।** गर्मी बढ़ने के साथ ही दादरी में बिजली की कटौती बढ़ती जा रही है। कटौती बढ़ने से लोगों में आक्रोश है। नियमित आपूर्ति करने की मांग को लेकर सभासद ने भी चार मई को धरना देने की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि दादरी में सारा दिन बिजली की आंख-मिचौनी चल रही है। लोग परेशान है।

दादरी में सवेरे 8 बजे बिजली गुल हो जाती है। उसके बाद 9 से 9:30 बजे तक बिजली आती है। इसके बाद भी बिजली का आना-जाना लगा रहता है। बिजली की ट्रिपिंग के चलते कूलर और एसी भी नहीं चल पाते है। क्षेत्र में केवल आठ से दस घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसके बाद भी वोल्टेज 100 से 125 वोल्ट के बीच रहता है। जिनसे कूलर या एसी चलना तो दूर पंखा भी नहीं चल पाते हैं।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि दादरी में अधिक लोड होने के चलते बिजली की आपूर्ति बाधित होती है।

## आरकेजीआईटी में एमबीए छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा 1 मई 2026 को एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य तथा एमबीए विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का रंग दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, मनोरंजक खेलों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन अकादमिक डॉ. आर. के. यादव तथा डीन-स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच. जी. गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन के अगले चरण के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए भावुक और यादगार पल लेकर आया, जहां उन्होंने अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ बिताए गए समय को याद किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटोग्राफी, अल्पाहार तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटियां हमेशा से अपनी मां के दिल का टुकड़ा होती हैं। बेटियां स्वाभिमान होती हैं। बेटियां पूरे घर की जान होती हैं। बिटिया के जन्मदिन पर एक मां ने खूबसूरत शब्दों के साथ बेटी को जन्मदिन की बधाई दी। उसकी जिंदगी में अनगिनत खुशियों की कामना की। खुशी के इस पल को डा. गिरीजा नंदनी गिरी ने फेसबुक पर साझा किया। बिटिया पारस के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# श्रम विभाग द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित

## राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप की उपस्थिति में 62 जोड़े का विवाह हुआ सम्पन्न

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद के 14 जोड़े, बुलन्दशहर के 24 जोड़े एवं हापुड़ के 24 जोड़े



### हिन्दू कन्याओं की शादी पंडित तथा मुस्लिम कन्याओं की शादी काजी द्वारा पूर्ण विधि विधान से कराई सम्पन्न







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों की शादी "सामूहिक विवाह" कार्यक्रम में स्थान-रामलील ग्राउन्ड कविनगर गाजियाबाद में सकुशल सम्पन्न कराई गई।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद के 14 जोड़े, बुलन्दशहर के 24 जोड़े एवं हापुड़ के 24 जोड़े कुल 62 जोड़े उपस्थिति हुए। सामूहिक विवाह में 27 जोड़े हिन्दू तथा 35 मुस्लिम जोड़े उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वर-वधू के लिये फलो की टोकरी एवं लड्डू की टोकरी तथा वर-वधू के पक्ष के सभी उपस्थित व्यक्तियों के लिये नाश्ते व भोजन की उचित व्यवस्था तथा संस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था श्रम विभाग द्वारा करायी गयी। हिन्दू कन्याओं की शादी पंडित द्वारा तथा मुश्लिम कन्याओं की शादी काजी द्वारा पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न करायी गयी।

उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप, मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, अनुराग मिश्र, उप श्रमायुक्त, गाजियाबाद, कृष्ण अवतार, सहायक श्रमायुक्त गाजियाबाद एवं गाजियबाद क्षेत्र के श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सभी अतिथियो द्वारा वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मंच पर उपस्थित गणमान व्यक्तियो द्वारा दीप प्रज्वलित से किया गया। उक्त के उपरान्त उप श्रमायुक्त श्री अनुराग मिश्रा द्वारा उपस्थित अतिथियो का स्वागत करते हुये अपने उदबोधन में सामूहिक विवाह आयोजन की उपयोगिता उसके सामाजिक उद्देश्य तथा श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के लिये चलायी जा रही अन्य योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मा० नरेन्द्र कश्यप जी, ने श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के कल्याण हेतु चलायी जा रही विभिन्न हितकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गयी है साथ ही सामूहिक विवाह योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए मिलते हैं जिसमें से 15 हजार रुपए कार्यक्रम के आयोजन में खर्च होते हैं और शेष कुल 85000 / रू० प्रति लाभार्थी दिये जाते हैं, जो श्रमिक के सीधे खाते में ट्रान्सफर किया जाता है।

# मॉर्निंग वॉक पर लूटी थी युवक की चेन फुटेज के बाद रडार पर आया था लुटेरा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन में अपराध पर शिकंजा कसते हुए थाना इंदिरापुरम पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर स्नैचर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई की जानकारी एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि वसुंधरा सेक्टर-1 टी-प्वाइंट पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो सेक्टर-2ए ग्राउंड में बारिश के कारण फिसलन में बाइक गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जाबिर उर्फ जावेद हसन (25 वर्ष) निवासी जनपद संभल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और स्नैचिंग में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 22 अप्रैल को अपने साथी के साथ मिलकर वसुंधरा क्षेत्र में एक व्यक्ति से चेन स्नैचिंग की थी। छीनी गई चेन को उसके साथी ने मेरठ में बेच दिया था और मिले पैसे उसने खर्च कर दिए थे।

आरोपी फिर से वारदात करने की फिराक में इलाके में आया था। एसीपी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गाजियाबाद और संभल में स्नैचिंग, चोरी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भैया जी के समर्थक गाजियाबाद से अपना हटा दे फोकस? वो देख ही रहे हैं भैया की वर्किंग हो रही है किसी और ही जगह चौकस? वो नहीं खेलेंगे यहां से कोई भी चुनावी पारी? वो कर रहे हैं कहीं और से ही तैयारी? इसलिये अच्छा यही है कि समर्थक दूर कर लें समय से अपनी खुमारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अंदर से पता चली है हमें एक बात? एक बड़े पाठक चेहरे पढ़ना चाहते हैं गाजियाबाद की विधानसभा से पाठ? उन्होंने लगा लिये हैं इस विधानसभा के सभी गुणा-भाग? उन्हें पता है यहां इस विधानसभा में जीत 100 प्रतिशत निश्चित है, भले ही बरसे विरोध की कितनी ही आग? कहने वाले ने कहा- आज नहीं तो कल उनकी आनी ही है दिल वाली बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात हमारी ठीक से समझ जाना? साहब का बर्थ-डे मनाना नहीं है कोई बहाना? आज नहीं तो कल होगा एक बड़ी पहेली का हल? कहने वाले ने कहा- हाशिए पर चल रहे बिरादरी वालों को जरूर मिलेगा बल? जो बर्थ-डे के इंटरनल साथी हैं वो जानते हैं सारी बात? देखना जैसे-जैसे पास आएगी तारीख, खुलने लगेगी सारी बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो पिछले विधानसभा चुनाव में भांज रहे थे अपनी दावेदारी की लाठी? हम देख रहे हैं आजकल गायब से नजर आ रहे हैं भगवा त्रिपाठी? ना सरकारी हॉस्पिटल की, ना उठा रहे हैं किसी और मुद्दे की आवाज? हम महसूस कर रहे हैं जब जनरली साहब के पास थी पावर? तभी उगलते थे वो आग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी-कभी कांग्रेस वाले विजय भैया दे दिया करें पार्टी के पक्ष में मीडिया में बयान? हम देख रहे हैं जबसे हुए हैं वो पूर्व तब से कर रहे हैं आराम? विपक्ष वालों को लेकर भी नहीं सुनाई देता है उनका सुर? कहने वाले ने कहा- हमें पता है, हाथ को मजबूत करने के लिये उनके रहते हैं हमेशा अरमान? मगर, हाथ आखिर कैसे मजबूत होगा जब वो दिखाई भी नहीं देंगे और ना ही सुनाई देंगे उनके बयान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गलती भगवा ओबीसी नेता की नहीं है, उसके अंदर तो पहले से ही है विरोध का डीएनए, उसके जन्म से रहे हैं विपक्ष वाले हालात? क्या फर्क पड़ता है वो आ गया हो कुछ सालों पहले भाजपा के साथ? आप उसकी गतिविधियों को देखकर अंदाजा लगा सकते हो, वो आज भी योद्धा का विरोध करके विपक्ष वाली भूमिका निभा रहा है साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से पता चली है ये बात? जब आए थे ठाकुर साहब और ब्राह्मण दीदी लेडी फाइटिंग विवाद की रिपोर्ट लेने, तब उन्होंने स्पेशली पार्टी की एक वरिष्ठ महिला नेता से की थी बात? सुना है, इन वरिष्ठ महिला नेता की बात को इन्होंने दिया है बहुत ज्यादा भाव? सुना है, यहां पर पॉजीटिव-वे में मैडम चौधरी को मिला है पॉजीटिव रिएक्शन? वहीं मैडम ब्राह्मण का कमजोर किया गया है दांव?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं क्रांतिकारी विधानसभा के सौम्य मावी के बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद बदल जाएंगे अंदाज? सुना है, अगर सरकार बनी, उनका मामला हो जाएगा खास? पिछले कई महीनों से उन्होंने वहां पर डाला हुआ था डेरा? सरकार बनी तो फिर मजबूत होगा उनका हर सवेरा? वो एक झटके में बन जाएंगे क्रांतिकारी विधानसभा के धुरंधर? कईयों के अरमान कर देंगे वो एक झटके में अंदर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था एक साइकिल वाले चेहरे के पास, वो कह रहा था कि आखिर हमारे दावेदारों को शहर विधानसभा में क्या दिखता है ऐसा खास? जिसे देखो वो ही नजर आता है यहां से दावेदार? ऐसा लगता है जैसे दावेदारों को होमसिकनेस हो गई है? इसलिये कोई अपनी दावेदारी को लेकर जा ही नहीं रहा यहां से बाहर? जबकि सब जानते हैं एक लाख की जीत का आंकड़ा नहीं होता है आसानी से पार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने पहले भी लिखी थी ये बात? जो मांग रहे हैं सपा से शहर विधानसभा का टिकट वो दिखाएं तो सही अपना अंदाज? जनसभा करके सिकंदर दिखा दे अपना मुकद्दर? गर्ग भैया करा दें जनाधार का आभास? देखें वर्मा जी के तिलों में हैं कितना तेल? पता तो चले कितनी भीड़ अपनी ताकत पर जुटा पाते हैं मिस्टर सिंहराज?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# जेवर एयरपोर्ट से 15 जून को शुरू होंगी उड़ानें आम यात्रियों को मिलेगा बड़ा हवाई कनेक्शन



**नोएडा।** जेवर एयरपोर्ट से आम नागरिकों के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने की तारीख तय कर दी गई है। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने घोषणा की है कि 15 जून 2026 से एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

सीईओ के अनुसार एयरपोर्ट को सभी आवश्यक सुरक्षा और संचालन संबंधी मंजूरियां मिल चुकी हैं। फिलहाल कुछ अंतिम तैयारियां पूरी की जा रही हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही लंबे समय से चल रही अनिश्चितता पर भी विराम लग गया है।

अधिकारियों का कहना है कि अब उड़ान शुरू होने की तारीख में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले उद्घाटन के बाद संचालन को लेकर कुछ प्रशासनिक अड़चनें सामने आई थीं, जिनमें एयरपोर्ट संचालन कंपनी के शीर्ष प्रबंधन से जुड़ा मुद्दा भी शामिल था। बाद में कंपनी ने बदलाव करते हुए भारतीय मूल की नई सीईओ की नियुक्ति की, जिसके बाद सभी बाधाएं दूर हो गईं। पहले चरण में यहां से घरेलू उड़ानें शुरू होंगी, जबकि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन की तैयारी भी की जाएगी।

इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। यह एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डों में से एक माना जा रहा है और इसके शुरू होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना है।

# पटेल नगर के पार्कों का हाल देख सख्त हुई महापौर

# ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

## वार्ड-9 में स्थलीय निरीक्षण, समरसेबल खराब मिलने पर जांच के आदेश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की कार्यप्रणाली और स्थानीय समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को वार्ड-9, पटेल नगर द्वितीय का स्थलीय निरीक्षण किया। नामित पार्षद सुमन सिंह की शिकायत पर महापौर स्वयं अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र में पहुंचीं और दो पार्कों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पार्कों की बदहाल व्यवस्था देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। महापौर के साथ निरीक्षण में सहायक अभियंता उद्यान पवन कुमार सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। लोगों ने बताया कि पार्कों में लगे ओपन जिम उपकरण खराब पड़े हैं, झूले टूटे हुए हैं, लाइट व्यवस्था ठप है और नियमित सफाई नहीं होने से पार्कों की स्थिति दयनीय हो चुकी है। सबसे गंभीर मामला समरसेबल पंप का सामने आया। स्थानीय निवासियों के अनुसार करीब दो वर्ष पहले पार्क में समरसेबल लगाया गया था, जो कुछ ही समय में खराब हो गया।

इसके बाद नया समरसेबल लगाया गया, लेकिन वह भी महज छह माह में खराब हो गया। इस पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्कों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त की जाए, झूलों और ओपन जिम उपकरणों की मरम्मत कराई जाए तथा नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने पार्क के आसपास अतिक्रमण भी देखा, जिस पर उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा नगर निगम को कार्रवाई करनी पड़ेगी। स्थानीय निवासियों ने महापौर की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार कोई महापौर उनके क्षेत्र में आकर समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है और समाधान का भरोसा दे रहा है। महापौर ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि कोई समस्या आती है तो पार्षद के माध्यम से उसे तत्काल संज्ञान में लाया जाए, ताकि समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

अंत में पार्षद सुमन सिंह ने महापौर का आभार जताया और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने में भागीदारी निभाएं।

# शालीमार गार्डन में पुलिस-लुटेरे में मुठभेड़ गोली लगने से घायल बदमाश गिरफ्तार

## लूट और हत्या के मामलों में वांछित था आरोपी, साथी फरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस और लुटेरे के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह ने बताया है कि आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार शालीमार गार्डन थाना पुलिस टीम क्षेत्र में लूट और स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान डीएलएफ की ओर से आ रहे दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों भागने लगे और प्रेम गली की ओर मुड़ गए। भागने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक छोड़कर पैदल भागने लगे। एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।



पुलिस ने घायल बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया। उसकी पहचान गौरव उर्फ कुबेर (22 वर्ष) निवासी गरिमा गार्डन, थाना टीला मोड़ के रूप में हुई है। घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया।

### मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को बनाते थे सॉफ्ट टारगेट



**करंट क्राइम :** पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी तमंचा (.315 बोर), एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की होंडा शाइन मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद बाइक पहले से दर्ज एक चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी पप्पू (फरार) के साथ मिलकर शालीमार गार्डन, साहिबाबाद और लिंक रोड क्षेत्र में लूट व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। दोनों सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को सॉफ्ट टारगेट बनाते थे। आरोपी ने यह भी कबूल किया कि 15 अप्रैल को शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 में हुई एक चोरी की घटना में भी वह शामिल था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश लूट के साथ हत्या के मामले में भी पूर्व में आरोपी रह चुका है, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि गंभीर मानी जा रही है।

### पुलिस और बदमाशों का हुआ आमना-सामना

**करंट क्राइम :** यह मुठभेड़ शालीमार गार्डन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अवधेश त्रिपाठी और ट्रांस हिंडन स्वॉट टीम के साथ हुई। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी है और इलाके में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे लूट और स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने स्वर्गीय सुरेश कुमार गोयल को श्रद्धांजलि अपर्पित की। गौरतलब है कि पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल के पिता स्वर्गीय सुरेश बंसल का निधन 19 अप्रैल को हो गया था। 1 मई को मुरादनगर के अग्रसेन मार्किट में उनकी शोक सभा आयोजित की गयी। सहकारिता क्रय विक्रय समिति चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने स्वर्गीय सुरेश कुमार गोयल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोकाकुल परिवार की ओर से वेद प्रकाश गोयल, रमन गोयल, मनीष गोयल, नितिन गोयल मौजूद रहे।

# धूप में तपते हाथों को मिला सम्मान-मजदूर दिवस पर वार्ड-76 में गौरव सोलंकी का दमदार संदेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मजदूर दिवस के मौके पर वार्ड-76 वैशाली में एक ऐसा दृश्य सामने आया, जहां सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीन पर उतरकर दिखाई दिया। पार्षद गौरव सोलंकी ने ळएअट 100 गाजियाबाद के साथ मिलकर क्षेत्र में तैनात सफाई नायकों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया और भीषण गर्मी से राहत देने के लिए जलपान वितरित किया। तपती धूप में लगातार काम कर रहे इन सफाई कर्मियों के बीच पहुंचकर उन्होंने उनका हालचाल जाना और उनके योगदान को खुलकर सराहा।

इस दौरान गौरव सोलंकी ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक औपचारिक दिन नहीं है, बल्कि उन मेहनतकश हाथों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो हर दिन शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई कर्मी ही शहर की असली ताकत हैं और उनका सम्मान समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व टीम 100 गाजियाबाद के संस्थापक डॉ. सुनील वैध ने किया, जिन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, ताकि उन्हें यह महसूस हो सके कि समाज उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में हरमिंदर सिंह, इंजीनियर संतोष कौशिक, डॉ. शिवानी अग्रवाल, अशोक शास्त्री और चन्द्रभान यादव सहित कई सामाजिक कार्यकताओं ने भागीदारी कर सफाई कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पिंक पार्क वैशाली से रामपाल ठाकुर, बृजमोहन, रजनीकांत और जिले सिंह कौशिक की उपस्थिति ने आयोजन को और सशक्त बनाया। मजदूर दिवस के इस मौके पर वार्ड-76 में एक साफ संदेश उभरकर सामने आया-कि शहर की असली पहचान उन लोगों से बनती है, जो बिना रुके, बिना थके हर दिन अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, और जब ऐसे लोगों के बीच जनप्रतिनिधि खुद खड़ा होकर उनका सम्मान करता है, तो वही असली नेतृत्व की पहचान बनती है।

# स्कूली बस से कुचलकर बच्ची की मौत:जिस बस से उतरी उसी ने कुचला, हादसे के बाद ड्राइवर भागा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को एक स्कूली बस की चपेट में आने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बच्ची की पहचान रोशनपुर गांव के रहने वाले अरुण शर्मा की बेटी भूमि के रूप में हुई है। भूमि तालड़ा गांव स्थित एक निजी स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा थी।

परिजनों के अनुसार, गुरुवार को छुट्टी के बाद भूमि स्कूल बस से घर लौटी थी। आरोप है कि घर के पास बस से उतरने के बाद जैसे ही भूमि घर की ओर बढ़ी, उसी स्कूल बस ने उसे कुचल दिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

सूचना मिलने पर दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया है।